दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 14
कोटद्वार मंगलवार
2 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

पुलिस यात्रियों को दे रही मौसम की जानकारी

पौड़ी : श्रीनगर में पुलिस प्रशासन यात्रियों की हर संभव मदद कर रहा है। यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें न आए इसे लेकर पुलिस प्रशासन विशेष ध्यान दे रहा है।

पुलिस की ओर से बदरीनाथ, केदारनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे वाहनों को रोककर उन्हें मौसम सबंधी जानकारियां दी जा रही हैं। साथ ही आगे के पड़ावों पर होटलों में बिना बुकिंग के जा रहे यात्रियों को श्रीनगर में ही रुकने का अनुरोध किया जा रहा है। जिससे उन्हें मौसम के कारण आगे दिक्कतें न हों। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि एनआईटी के समीप बनाई गई पार्किंग में वाहनों को रोका जा रहा है। जिससे शहर में एक साथ वाहनों का दबाव न बनें। कहा इससे लोगों को जाम की समस्या के साथ ही ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिल रही है।

वाहनों को रोककर ट्रैफिक सामान्य होने पर आगे जाने दिया जा रहा है। इस दौरान जो यात्री रुद्रप्रयाग व अन्य स्थानों में होटलों में बिना बुकिंग किए जा रहे हैं, उन्हें भी मौसम को देखते हुए रूकने को कहा जा रहा है। जिससे भीड़-भाड़ होने पर यात्रियों को आगे दिक्कतें न हों।

मूलस्थान में विराजमान हुए घण्डियाल देवता

श्रीनगर गढ़वाल : बडियारगढ़ क्षेत्र से घण्डियाल देवता केदारनाथ यात्रा के बाद अपने मूलस्थान देवगढ़ी में विराजमान हो गए हैं। घण्डियाल देवता की यात्रा 24 अप्रैल को देवस्थान देवगढी से केदारनाथ यात्रा के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस दौरान देव निशाणों ने सूर्यप्रयाग तिलवाड़ा में स्नान के बाद 27 अप्रैल को भगवान केदार के दर्शनों के उपरांत यात्रा ने वापस गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। जिसके बाद यात्रा विभिन्न पड़ावों को पार कर 30 अप्रैल को देवगढी पहुंची।

यात्रा के सफल आयोजन पर श्रद्धालुओं ने जहां श्रद्धालुओं ने घण्डियाल देवता का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर घंटाकर्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष सते सिंह भंडारी ने यात्रा में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रावल दिनेश प्रसाद जोशी, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र कैंतुरा, उम्मेद सिंह मेहरा, लक्ष्मण सिंह, चंद्रमोहन गोदियाल, रामेश्वर बडथ्वाल, साकेतानंद भट्ट, बृजमोहन गोदियाल, दिनेश प्रसाद जोशी, मनमोहन भट्ट, सुदामा गोदियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

खाई में गिरा वाहन, तीन घायल

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर कोतवाली के अंतर्गत रामपुर पुलिस के पास रविवार रात 12 बजे के करीब ऋषिकेश की ओर जा रहा एक वाहन राजमार्ग से करीब 20 मीटर नीचे खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार सात लोगों में से तीन घायल हो गए। घायलों को चोटें आई हैं। उपचार के बाद घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

कोतवाली के एसएसआई डीएस बिष्ट ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर खाई में गिरे वाहन से लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल गया। कहा वाहन में चालक के अलावा सवार सभी लोग गुजरात के उमरेठ जिले के आरोही हास्पिटल के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना में, केयूर प्रजापति(26), रूचि(25) पत्नी केयूर प्रजापति व चालक संदीप निवासी बड़ासू गुप्तकाशी (35) को चोटें आई हैं। जबकि सुनील चावड़ा(39), मानव चावड़ा (2), दीक्षा चावड़ा(32), आरोही चावड़ा(8) की स्थिति सामान्य है। कहा सभी लोगों को एंबुलेंस की मदद से बेस अस्पताल पहुंचाया गया। (एजेंसी)

पीएम ने जोशीमठ को लेकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी भेंट की। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विकास से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में बताया कि रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य किए जा रहे हैं। वहां स्थिति सामान्य है। प्रधानमंत्री ने जोशीमठ के संदर्भ में केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से माह अक्टूबर/नवम्बर 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने एवं मानसखण्ड के अन्तर्गत जागेश्वर धाम, आदि कैलाश/पार्वती सरोवर/ओम पर्वत के दर्शन, लोहाघाट में मायावाती आश्रम की यात्रा के साथ ही सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में जनसम्बोधन एवं विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य में हवाई सेवाओं के त्वरित विकास हेतु भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य से सम्बन्धित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून स्थित जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु 243 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु फीजिबिलिटी सर्वेक्षण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने नैनी सैनी एयरपोर्ट का महानिदेशक नागरिक उड्डयन से लाइसेंस नवीनीकरण, एनटीआरओ से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाए जाने का अनुरोध किया। देहरादून-पिथौरागढ़ -हिण्डन वायु सेवा और देहरादून हल्द्वानी-पिथौरागढ़ अल्मोड़ा हेलीकॉप्टर सेवा के सुचारू संचालन के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शहरी क्षेत्रों के विकास के अन्तर्गत लगभग 5 से 7 नये शहर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रथम चरण में उधमसिंह नगर के अन्तर्गत किच्छा में स्थित 2000 एकड़ के पराग फार्म में शहर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्रालय से 1000 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यह ग्रीन फील्ड सिटी रूद्रपुर से मात्र 15 किमी. दूरी पर स्टेट हाईवे 47 पर अवस्थित होगी। नजदीकी रेलवे स्टेशन पंतनगर होगा। यह आर्थिकी की दृष्टिकोण से अमृतसर-कोलकत्ता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से गुजरेगा। इस प्रस्तावित शहर के समीप 200 से 250 एकड़ का नोलेज पार्क तैयार करने का प्रस्ताव है। इस शहर के विकसित होने पर लगभग 7000 करोड़ का निजी निवेश अपेक्षित है, जिसमें 50 हजार लोगों के रोजगार सृजन के साथ ही लगभग दो लाख लोगों की आवासीय व्यवस्था सम्भावित हैं। मुख्यमंत्री ने इस ग्रीन फील्ड सिटी को विकसित करने के लिए अपेक्षित धनराशि अवमुक्त कराने का अनुरोध भी किया।

बारिश के चलते सोनप्रयाग में रोके केदारनाथ तीर्थयात्री

देहरादून । उत्तराखंड में चारधाम यात्रा आज सुचारू है। सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम के लिए सुबह 11 बजे तक 6048 यात्री रवाना हुए हैं। इसके बाद तेज बारिश के कारण यात्रियों को आगे जाने से रोक दिया गया। वहीं, बारिश और बर्फबारी से धाम में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बदरीनाथ धाम में सुबह से ही बारिश जारी है। वहीं, ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने लगी है।

हालांकि यात्रा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। गंगोत्री और यमुनोत्री सहित यमुना घाटी में लगातार बारिश हो रही है। साथ ही ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हो रही है। यमुनोत्री धाम के आखिर प्रमुख पड़ाव जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर मूसलाधार बारिश के बीच यात्री जोखिम भरी आवाजाही कर रहे हैं। वहीं, गंगोत्री हाईवे पर बंदरकोट के समीप पहाड़ी से पत्थर, गिर रहे हैं। हालांकि यात्रा सुचारू है, लेकिन यात्री जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं।

भिंडरांवाले के गांव से गिरफ्तारी, अमृतपाल को डिब्रूगढ़ ले जा रही पुलिस

मोगा, एजेंसी। खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' के चीफ अमृतपाल सिंह आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया है। पंजाब पुलिस ने भगोड़े अमृतपाल सिंह को मोगा से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि अमृतपाल 18 मार्च से फरार चल रहा था। पुलिस उसके चाचा और कई सहयोगियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस उसे असम के डिब्रूगढ़ लेकर जा रही है।

चंडीगढ़ के आईजीपी सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाप एनएसए के वारंट जारी हुए थे, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी एनएसए के अधीन हुई है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पंजाब के लोगों ने शांति, कानून व्यवस्था बनाई रखी जिसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। हमने ऑपरेशन चलाकर सुबह 6:45 पर गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि हमारे पास खास जानकारी थी, जिसमें हमको पता था कि वह रोडे गांव के गुरुद्वारे में मौजूद है। हमने गुरुद्वारा साहिब की मर्यादा को रखते हुए उसको गिरफ्तारर किया। उसको गिरफ्तारर करने के बाद उसे असम की डिब्रूगढ़ रवाना कर दिया गया है।

इससे पहले, रविवार सुबह पंजाब पुलिस ने बताया कि अमृतपाल को मोगा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही लोगों से फेक न्यूज शेयर ना करने को भी कहा है।

अमृतपाल को असम के डिब्रूगढ़ ले जाया जा रहा है। डिब्रूगढ़ में उससे पूछताछ की जाएगी। अमृतपाल को हिरासत में लिए जाने की तस्वीर भी सामने आई है। समचार एजेंसी एएनआई ने अमृतपाल की ताजा तस्वीर ट्वीट की है।अमृतपाल सिंह को गिरफ्तारी से पहले रोडेवाला गुरुद्वारा में देखा गया था। इसके बाद मुक्तसर पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

हाईकोर्ट के नव नियुक्त न्यायमूर्तियों का बार ने किया सम्मान

नैनीताल। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से सोमवार को नवनियुक्त न्यायाधीशों का सम्मान किया गया।

इस दौरान न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने सामान्य आदमी को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। बार सभागार में आयोजित कार्यक्रम हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाकर जोशी, पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह रावत व वरिष्ठ अधिवक्ता आईपी कोहली ने नव नियुक्त न्यायमू

र्तियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया। तीनों न्यायाधीशों ने बार एसोसिएशन का आभार जताया। बार अध्यक्ष ने कहा कि बार के प्रयासों से उच्च न्यायालय को तीन न्यायाधीश मिले हैं। यह सभी के लिए उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अब वादकारियों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। सभा को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अपने जूनियर अधिवक्ताओं का सहयोग करें, जिससे वह बेहतर सेवा कर सकें। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित ने कहा कि नए युवा अधिवक्ता प्रतिभा के धनी हैं, उन्हें मेहनत से काम करना चाहिए। जिससे वे न्यायिक सेवा में लंबा सफर तय कर सकेंगे।

न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने कहा कि सामान्य आदमी को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बार महासचिव विकास बहुगुणा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी, राजेंद्र डोभाल, डीके शर्मा, अवतार सिंह रावत, एमएस त्यागी, केएस रौतेला, सय्यद नदीम मून, भुवनेश जोशी, संजय भट्ट, ललित सामंत, डीसीएस रावत, डीएस मेहता, वीरेंद्र रावत, राजेश जोशी, डॉ. कैलाश तिवारी, योगेश पचोलिया आदि मौजूद रहे।

16 जिलों में बारिश की संभावनाएं, पश्चिमी विक्षोभ के कारण सवा महीने आगे खिसकी गर्मी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में एक के बाद एक आ रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरे मौसम के सिस्टम पर पड़ गया है। इससे प्रदेश में गर्मी का मौसम सवा महीने आगे खिसक गया। 8 मई तक आंधी, ओले और बारिश का दौर प्रदेश में जारी रहेगा।मौसम विभाग के मुताबिक, मई का शुरुआती सप्ताह बारिश, ओले और आंधी के दौर में निकलेगा। सोमवार को 7 में से 5 संभागों (बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा) के जिलों में दोपहर बाद बादल गरजने और तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश की संभावना जताई है। सोमवार को झुंझुनूं, चूरू, सीकर, नागौर, अजमेर, भीलवाड़ा, जोधपुर, पाली, जयपुर, अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां सहित 16 जिलों में बिजली की गरज चमक के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता रद्द

दो दिन पहले सुनाई गई थी चार साल की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी। बसपा सांसद अफजाल अंसारी को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अफजाल अंसारी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया है। लोकसभा सचिवालय से जारी अधिसूचना के अनुसार, सजा के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के गाजीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य अफजाल अंसारी को उनकी सजा की तारीख 29 अप्रैल से लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। यह कदम लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के साथ भारत के संविधान के अनुच्छेद 102(1)(ई) के प्रावधानों के संदर्भ में उठाया गया है।

इससे पहले गैंगस्टर केस में गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी और उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी को दोषी करार दिया था। बीते शनिवार यानी 29 अप्रैल को कोर्ट ने मुख्तार को 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये से जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई गई थी। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था।

भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में दर्ज केस के आधार पर अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ था। वहीं, मुख्तार अंसारी के खिलाफ भाजपा विधायक कृष्णानंद राय और नंदकिशोर गुप्ता रुंगटा की हत्या के मामले में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज था। दोनों भाइयों के खिलाफ मुहम्मदाबाद थाने में 2007 में क्राइम नंबर 1051 और 1052 दर्ज हुआ था।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से सरजू पांडेय सरीखे नेता के मार्गदर्शन में राजनीतिक करियर शुरू करने वाले अफजाल अंसारी छह बार विधायक और दो बार सांसद चुने गए। सांसद अफजाल अंसारी ने सियासत का आगाज अपने गृहक्षेत्र गाजीपुर के मुहम्मदाबाद से किया। वामपंथ राजनीति से लेकर समाजवाद और फिर बसपा के साथ सियासी सफर में अफजाल ने कई उतार चढ़ाव देखे। रसूख की राजनीति करने वाले लोकसभा में पहुंचे। अफजाल की छवि को कृष्णानंद राय हत्याकांड ने धूमिल किया।

कम्युनिष्ट पार्टी में लंबे सफर के बाद सपा फिर कौमी एकता दल और फिर सपा से होकर अफजाल बसपा में पहुंचे। अफजाल अंसारी 1985 में मुहम्मदाबाद से पहली बार भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से विधायक बने। उसके बाद वर्ष 1996 तक लगातार पांच बार विधानसभा में पहुंचतेरहे। इसके अलावा वह गाजीपुर संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद भी निर्वाचित हुए।

साल 2002 के विधानसभा चुनाव में अफजाल अंसारी हार गए और 2004 के लोकसभा चुनाव में उन्हें गाजीपुर संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी ने टिकट दे दिया। इस चुनाव में अफजाल अंसारी ने बीजेपी के खिलाफ जीत दर्ज की। इसके बाद अफजाल 2009 और 2014 में चुनाव लड़े लेकिन हार गए। 2019 में भाजपा के सांसद मनोज सिन्हा को हराकर

देह व्यापार का भंडाफोड़, ग्राहक बनकर पहुंचे पुलिसकर्मी

पंजाब-दिल्ली की लड़कियों को कराया आजाद

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र में होटल के अंदर चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो होटल मैनेजरों को गिरफ्तार किया है। ग्राहक बनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने देह व्यापार करने वालों को पकड़ते हुए दिल्ली और पंजाब की दो युवतियों को आजाद कराया।

पुलिस ने दो आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। सोमवार को रोशनाबाद पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल में देह व्यापार चलने की सूचना मिल रही थी। इसको लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सीआईयू व पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई।

सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों ने ग्राहक बनकर दलाल से व्हाट्सएप पर संपर्क साधा। दलाल ने महिलाओं की व्हाट्सएप पर फोटो भेजते हुए रेट तय किए और होटल की जानकारी दी। इसके बाद चार पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर होटल व्यू में पहुंचे। जबकि अन्य टीम के सदस्य कुछ ही दूरी पर ठहर गए।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि होटल में पहुंचने पर संचालक ने दो अलग-अलग कमरों में दो लड़कियों के होने की बात बताई। इस पर पुलिसकर्मियों ने टीम से जानकारी साझा की। तुरंत टीम मौके पर पहुंच गई।

कमरों को खुलवाया तो अंदर दिल्ली और पंजाब की दो युवतियां मिली। जिनसे देह व्यापार कराया जा रहा था। दोनों को आरोपियों के कब्जे से आजाद कराया गया।

आरोपी होटल व्यू मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान निवासी ग्राम रसूलपुर दबेढी थाना कोतवाली बुढ़ाना, मुजफ्फरननगर और होटल रैमसन के मैनजर मुकेश शर्मा निवासी जींद थाना सदर जिला जिंद हरियाणा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार आरोपी सोनू और सपना राजपूत की तलाश की जा रही है।

सीओ सिटी जूही मनराल ने बताया कि पूछताछ में पीड़ताओं ने बताया कि काम धंधे की तलाश में हरिद्वार आई थी। यहां पहुंचने पर हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर सपना राजपूत नाम की महिला से मुलाकात हुई।

टांगा में गुलदार की दहशत में लोग

पिथौरागढ़। टांगा के मोनाल पानी क्षेत्र में लोग गुलदार की दहशत में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। सोमवार को स्थानीय निवासी हरेंद्र पंवार ने बताया कि रात तो रात गुलदार दिन में भी आबादी के करीब पहुंच रहा है।

कहा कि बीते कुछ दिनों में ही गुलदार कई पालतु मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। बीते रोज भी गुलदार ने नंदी देवी की बकरी को मार डाला। पंवार ने कहा कि गांव में गुलदार की बढ़ती सक्रियता के बाद लोग डरे हुए हैं। पालतु मवेशियों के बाद इंसानों पर भी गुलदार हमला कर सकता है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

स्कूल जा रही पांचवीं की छात्रा को सांड ने कुचला

दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में पसरा मातम

कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)। दुगड्डा-कांडाखाल मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत हथनूड़ के पल्ला गांव में सांड ने एक 10 वर्षीय छात्रा को कुचल दिया। घटना से परिजनों और गांव में मातम पसरा है। ग्राम प्रधान रोशन सिंह रावत ने बताया कि जाफर अली की बेटी आईना बानो पांचवीं कक्षा में प्राथमिक विद्यालय हथनूड़ में पढ़ती थी।

वह घर से स्कूल आ रही थी। गांव के रास्ते में लावारिश कुत्ते एक सांड के पीछे पड़े थे और उसे दौड़ाने में लगे थे। कुत्तों से पीछा छुड़ाते हुए सांड दौड़ रहा था, इसी दौरान अचानक छात्रा आईना बानो आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

राजस्व पुलिस को घटना की सूचना दी गई थी। लेकिन परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम कराने से भी इंकार कर दिया। घटना का शिकार हुई बच्ची चार बहनों में सबसे छोटी थी। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा है। सोमवार को शोक के कारण कोई छात्र-छात्रा विद्यालय नहीं पहुंचे। अध्यापक प्रभा रावत ने बताया कि सोमवार को प्रधानाध्यापक महाराज सिंह तोमर व वह छात्रा के घर गए थे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

विधायक ने जिला अस्पताल में किया पैलेटिव केयर वार्ड का शुभारंभ

असाध्य रोग से पीड़ित लोगों को मिलेगी सुविधा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग के जिला चिकित्सालय में पैलेटिव केयर वार्ड (पुरुष व महिला) एवं आयुष्मान कियोस्क कक्ष का शुभारंभ सोमवार को विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चैधरी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चैधरी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इस दिशा में दो और नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें असाध्य रोग से पीड़ित लोगों को सुविधा मिलेगी। इसमें रिमोट से संचालित बेड हैं जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए एक अतिरिक्त आयुष्मान कियोस्क कक्ष भी तैयार किया गया है, जिसमें तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में और भी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं जिससे कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। इस मौके पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा बेहतर की जा रही है। महिला एवं पुरुषों के लिए 6-6 बेड का पैलेटिव केयर वार्ड का शुरू किया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव पाल सिंह ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 3 लाख की लागत से पुरुष एवं महिला पैलेटिव केयर वार्ड, 1 लाख 27 हजार की लागत से आयुष्मान कियोस्क कक्ष का निर्माण एवं 2 लाख 44 हजार से बायोमेडिकल वेस्ट के कार्य किए गए हैं। जिला चिकित्सालय में काउ कैचर, क्षतिग्रस्त नालियों एवं टाइप-4 आवास में रंगाई-पुताई का 2 लाख 48 हजार की लागत से कार्य किया गया है। इसके साथ ही 2 लाख 23 हजार की लागत से जिला चिकित्सालय में गार्ड रूम के अलावा अन्य अनुरक्षण कार्य किए गए हैं। इस अवसर पर डॉ. राजीव गैरोला, तृप्ति बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

दून और मसूरी में बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

देहरादून। दून और मसूरी में सोमवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। इस बीच लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मसूरी में विभिन्न योजनाओं के तहत खुदाई का कार्य किया गया है। बारिश के चलते काम ठप होने की वजह से वाहन चालकों, राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा प्रतिमायन चौक कॉलोनी रामधारी सिंह दिनकर मार्ग लोअर नत्थनपुर में बारिश के दौरान सड़क बदहाल स्थिति देखने को मिली। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बीते पांच माह से सड़क खुदी हुई है। पहले जल संस्थान ने पानी की लाइन के लिए सड़क खोदी और अब एडीबी ने सीवर लाइन के लिए खुदाई की है। लोग जल्द काम पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

दून इंटरनेशनल स्कूल ने जीती ऑल इंडिया वाद विवाद प्रतियोगिता

देहरादून। राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज की ओर से आयोजित ऑल इंडिया वाद विवाद प्रतियोगिता दून इंटरनेशनल स्कूल ने जीती। स्कूल के बेरेन बोहरा, मान्या कांबोज और इरा की टीम ने खिताबी ट्रॉफी जीतने के साथ 20 हजार रुपये का नकद इनाम भी अपने नाम किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में छात्रों ने एक अच्छा स्कूल वह है जिसमें अच्छा बुनियादी ढ़ांचा हो, भारत में दी जाने वाली शिक्षा विदेशों में दी जाने वाली शिक्षा से बेहतर है, हमारा मीडिया हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत कर रहा है और भारत को नागरिकों के पास बंदूकें रखने की अनुमति देनी चाहिए जैसे विषयों पर छात्रों ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। बेरेन बोहरा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता के खिताब से नवाजा गया।

9 मई से ब्लॉक में लगेगें ऋण वितरण कैंप

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : स्वरोजगार हेतु विकासखण्डो में ऋण वितरण कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उद्योग महाप्रबंधक चंचल सिंह बोहरा ने बताया कि जनपद में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त विकासखण्डों में रोस्टर अनुसार कैम्प लगाए जा रहे हैं। रोस्टरानुसार गोपेश्वर में 9 व 24 मई, चमोली में 10 व 26 मई, पीपलकोटी में 11 मई, जोशीमठ में 12 व 28 मई, घाट में 15 मई, कर्णप्रयाग 16 और 25 मई, गौचर में 17, देवाल में 18 व 29 मई को थराली में 19 व 30 मई, नारायणबगड 20 मई, पोखरी में 22 मई, गैरसैंण में 23 व 31 मई, तथा नन्दप्रयाग में 27 मई को कैम्प लगाए जाएंगे। उन्होंने समस्त रेखीय विभागों को प्रस्तावित कैम्पों में अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी/फार्म भरे जाने हेतु विभागीय प्रतिनिधि को उपस्थित रहने हेतु निर्देश देने की अपील की है।

डीएम ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जवाड़ी बाईपास से सिरोहबगड़ राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग के जिन स्थानों पर गड्ढे हो रखे हैं उन स्थानों को तत्परता से कार्य करते हुए गड्ढा मुक्त करें, ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी एवं असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सिरोहबगड़ भू-स्खलन क्षेत्र में खराब मौसम के दृष्टिगत जेसीबी मशीन हर समय उपलब्ध रहे, ताकि मार्ग अवरुद्ध होने पर तत्काल सड़क मार्ग को आवाजाही के लिए खोला जा सके। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग में डामरीकरण का कार्य तत्परता से किया जा रहा है, जिससे कि यात्रा मार्ग में जाम की स्थिति न हो तथा यात्रा निरंतर संचालित होती रहे।

संक्षिप्त समाचार

नमकीन सप्लाई भेजने का झांसा देकर तीन लाख हड़पे

देहरादून। नमकीन की सप्लाई भेजने का झांसा देकर दून के कारोबारी से तीन लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोपियों ने पीड़ित महिला को कंपनी का क्लीयरिंग एंड फॉरवर्ड एजेंट बनाने का भी झांसा दिया। मामले में गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में क्वालिटी प्वाइंट कंपनी की संचालक कामना मलिक पत्नी महेश मलिक निवासी किशननगर एक्सटेंशन ने तहरीर दी। कहा कि उनका संपर्क ट्वींस इंटरनेशनल कंपनी राजकोट के संचालक रामपाल, सागर पटेल और आलोक महेश्वरी से हुआ। उन्होंने नमकीन का कारोबार करने की बात कही। कुछ सेम्पल भी उन्हें भेजे गए। जो पसंद आए। महिला ने उनकी कंपनी के साथ कारोबार करने पर सहमति जता दी। कारोबार शुरू करने की बात कहते हुए सीएडएफ डील की गई। इसके बाद नमकीन की सप्लाई का झांसा देकर तीन लाख रुपये अपने दिए बैंक खातों में जमा करवा लिए। रकम पिछले साल फरवरी और मार्च में दी गई। तब से पीड़ित महिला और उनके परिवार के लोग रकम वापस पाने को चक्कर काट रहे हैं। आरोपियों ने एक चेक भी महिला को दिया। वह बाउंस हो गया। इंस्पेक्टर कैंट नंद किशोर भट्ट ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

छात्राओं के लिए सर्टिफिकेट कोर्स इन ट्रेडिशनल इंडियन डिजाइन का शुभारंभ

देहरादून। डीडब्ल्यूटी कॉलेज की बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए बीएस नेगी महिला पॉलिटेक्निक ओएनजीसी में ट्रेडिशनल इंडियन डिजाइन का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया। पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ सोमवार को बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक के अध्यक्ष हर्षमणि व्यास ने किया। इस कोर्स में छात्राओं को टाई एंड डाई, लोक कला, बुनाई की तकनीक आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चेतना थापा सहित कई लोग मौजूद रहे।

डीएम अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 74 शिकायत प्राप्त

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया आज जनसुनवाई में 74 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में नगर निगम की भूमि पर कब्जा, सम्पति बटवारा विवाद, आर्थिक सहायता दिलाने, पुलिया निर्माण करवाने, स्कूल में दाखिला दिलाने, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, आर्थिक सहायता दिलाने, अवैध खनन, वेतन दिलवाने, आदि शिकायतें प्राप्त हुई।जिलाधिकारी ने भूमि कब्जे, अतिक्रमण, भूमि खुर्दबुर्द करने की शिकायत पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार नगर निगम को अपनी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। साथ सम्पत्ति विवाद के प्रकरणों पर अभिलेखीय जांच सहित मौका मुआयना कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें साथ ही विभाग अपने स्तर पर भी जनसुनवाई प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करें।

जनसुनवाई में कांवली रोड निवासी रजनी ने अपनी 06 वर्षीय पुत्री रोशनी का विद्यालय में दाखिला कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को रोशनी स्कूल में दाखिला दिलाने की कार्यवाही करते हुए सूचना से अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्राम आसोई चकराता में निजी एवं वन भूमि सहित टौंस नदी में अवैध खनन की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला खनन अधिकारी, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम सैसा पो0 कोरूवा विकासखण्ड कालसी निवासी किशन सिंह ने बरसात में खेतों में खतरा बना रहता है उनके द्वारा खेतों के पास पुलिया निर्माण करने का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। बहादुरपुर रोड सेलाकुई निवासी पिंकी ने अपनी शिकायत की कि उनके पति की वर्ष 2019 में मृत्यु हो गई थी उनके पति द्वारा होमलोन लिया गया था, जिसमें दुर्घटना बीमा था, बैंक द्वारा मकान को सील लगा दी गई तथा दुर्घटना बीमा राशि का भुगतान नही किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग झाझरा रेंज में नर्सरी में कार्यरत तीन आउटसोर्स कर्मियों द्वारा वर्ष 2022 से वेतन न मिलने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्बन्धित कार्मिकों को नियमानसुार यथाशीघ्र वेतन जारी किया जाए। इसी प्रकार हरबर्टपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला ने बेटे पर सम्पत्ति कब्जाने तथा घर से निकालने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर एवं थानाध्यक्ष थाना विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही तहसील डोईवाला अन्तर्गत भूमि खुर्द्ध-बुर्द्ध करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सु झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ० एस के बरनवाल, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, पुलिस अधीक्षक ऋईम सर्वेश पंवार, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, जिला पूर्ति अधिकारी, सहित नगर निगम, जल संस्थान, लोनिवि, विद्युत आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तराखंड की बेटी अंकिता ध्यानी का शानदार प्रदर्शन, अब एशियन गेम्स में खेलेंगी

देहरादून। उत्तराखंड की बेटी अंकिता ध्यानी ने एक बार फिर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हिरोशिमा जापान में हुई मध्यम और लंबी रेस की अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही वो एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई हो गई हैं। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि हीरोशिमा में 29 अप्रैल को प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अंकिता ने 15 मिनट 33.4 सेकंड में अपनी रेस पूरी की। उन्होंने बताया कि अंकिता वर्तमान में भारतीय एथलेटिक्स कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अंकिता ने खेल विभाग में तैनात डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर मिसिस महेशी से 2015 से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया था, इसके बाद उन्होंने प्रदेश के लिए कई मेडल जीते। वर्तमान में अंकिता भारतीय एथलेटिक्स कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

बता दें अंकिता मूल रूप से पौड़ी के जहरीखाल ब्लाक के मेरूड़ा गांव निवासी हैं। अंकिता ने कक्षा आठ में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

बालिकाओं के लिए विधायक ने स्कूल को दिया फर्नीचर

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने विधायक निधि के माध्यम से स्व. हरबंस कपूर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं के उपयोग के लिए 100 सेट फर्नीचर उपलब्ध कराए। इस मौके पर हुए कार्यक्रम में सविता कपूर ने बताया कि लंबे संघषी के बाद इस विद्यालय का निर्माण हुआ।

स्व. हरबंस कपूर ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर भू-हस्तांतरण से लेकर विद्यालय निर्माण तक कार्य पूरा किया। कुछ समय पूर्व उन्हें स्कूल में आने का मौका मिला तब प्रधानाचार्य ने फर्नीचर के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि आगे विद्यालय में ओर भी कार्य कराए जाएंगे।

मनरेगा के बजट में कटौती पर कांग्रेस नाराज

देहरादून। कांग्रेस ने मनरेगा के बजट में कटौती पर नाराजगी जताते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए।

इसे गरीबों और ग्रामीणों के हितों पर बड़ा कुठाराघात बताया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने केंद्र पर मनरेगा की मजबूत व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के शुरुआत में ही 98000 करोड़ रूपये की प्रस्तावित मांग की तुलना में 60000 करोड़ रूपये का ही आवंटन किया है। 30 हजार करोड़ की कटौती समझ नहीं आ रही है। यह योजना देश भर के लाखों परिवारों के लिए बेहद अहम है। इससे 5.6 करोड़ परिवार लाभान्वित होते हैं। कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक प्रमुख जरिया है। खासतौर से भूमिहीन मजदूर और सीमांत, लघु किसानों के लिए यह एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम है। इसके बजट में कटौती करना अच्छा संकेत नहीं है।

मनरेगा के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाती है। वर्तमान बजट से 100 दिन के रोजगार की गारंटी नहीं दी जा सकती है। क्योंकि फंड की कमी है। ऐसे में प्रशासन जान बूझकर काम की मांग को दबाएगा। मनरेगा के मौजूदा बजट से सिर्फ 30 दिन रोजगार की गारंटी दी जा सकती है।

कहा कि सरकार ने मनरेगा श्रमिक की उपस्थिति और मजदूरी सुनिश्चित करने को एक अजीबोगरीब और पूरी तरह से अव्यवहारिक एनएमएमएस ऐप को अनिवार्य कर दिया है। मनरेगा के सभी कार्य स्थलों पर साथियों को अपने फोन से दिन में दो बार सभी श्रमिकों की तस्वीरें अपलोड करनी पड़ती हैं। इससे सैकड़ों हजारों श्रमिक, मजदूरी से वंचित रह जाते हैं। वे दिन का अपना काम पूरा करने के बाद भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाते हैं। इस ऐप का कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। क्योंकि भुगतान आउटपुट पर किया जाता है। किसी के पास समय नहीं है कि वह करोड़ों श्रमिकों की अपलोड की गई तस्वीरों को देखे।

दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रतिभागी सम्मान समारोह का शुभारंभ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रतिभागी सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। हिमालय विरासत ट्रस्ट एवं स्याही ब्लू बुक्स दिल्ली तथा हिमालयी विश्वविद्यालय, देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में निशंक की सृजन यात्राः अवदान एवं मूल्यांकन पर आयोजित यह संगोष्ठी पूर्व सीएम एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के समग्र साहित्य के मूल्यांकन पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में विदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों से पधारे साहित्य कर्मियों, बुद्धिजीवियों एवं हिन्दी सेवियों ने प्रतिभाग किया। इस संगोष्ठी में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक एक प्रखर राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ प्रसिद्ध लेखक भी हैं। ऐसा संयोग बहुत कम देखने को मिलता है कि लेखन और राजनीति एक साथ चलते हों, किन्तु डॉ. निशंक ने दोनों को एक साथ साधा है। उनकी अब तक 108 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन पर 108 रविवार को वेबिनार के माध्यम से समीक्षा एवं चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि डॉ. निशंक की सबसे लम्बी साहित्यिक वार्ता 'रविवारीय पुस्तक वार्ता' की 50 वार्ताएं पूर्ण होने पर उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन एवं 75 श्रृंखलाएं पूर्ण होने पर 'हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान' मिला है जो अपने आप में प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि साहित्य समाज में जागृत पैदा करता है और दिशा देने का कार्य करता है। यह भी कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। समाज में जब-जब कोई बड़ा परिवर्तन होता है जो साहित्य पर भी उसका असर पड़ता है। कई बार तो साहित्य ही समाज में परिवर्तन करता है। उन्होंने कहा कि साहित्य ने हमें शब्दों का ज्ञान दिया है, हर एक शब्द में जो ताकत है उसे हमें समझना जरूरी है। साहित्य के एक शब्द में असीमित शक्ति होती है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा साहित्य प्राचीन और समृद्ध है। साहित्य के माध्यम से हमारे साहित्यकार देश की चेतना को एक नया आयाम दे रहे हैं। हमारे युवाओं के संकल्पों में स्फूर्ति जागृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति एवं प्रगति साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य से हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य किया जाता है। उत्तराखण्ड देवभूमि होने के साथ-साथ साहित्य और काव्य रचना की भूमि है। यहां जिस प्रकार से माँ गंगा का प्रवाह गतिशील रहता है। उसी प्रकार से ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म, कला और साहित्य का प्रवाह भी निरंतर प्रवाहित रहता है। इस कार्यक्रम में डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक,कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रो. निर्मला मौर्य, अश्विनी के गांवकर, डॉ रश्मि खुराना, डॉ.योगेन्द्र नाथ शर्मा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे।

सावधान : खाता खाली कर रहे साइबर ठग, हर रोज अपना रहे नए तरीके

कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा साइबर अपराध, पुलिस द्वारा जागरूक करने के बाद भी ठगी का शिकार हो रहे लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : डिजिटल तकनीक में विस्तार के साथ ही साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। हर रोज साइबर ठगों के रुपये उड़ाने के नए तरीकों से साइबर पुलिस भी हैरान है। अब तक साइबर ठग बैंक अधिकारी बन खाता नंबर व एटीएम कार्ड का पिन कोड़ पूछकर आनलाइन ठगी करते थे। लेकिन, अब मोबाइल पर लिंक भेजने के साथ ही आनलाइन सामान की खरीद पर लालच देकर खाते में जमा रकम को ठगा जा रहा है।

पिछले एक वर्ष में कोटद्वार की साइबर पुलिस पचास से अधिक साइबर ठगी के मामले दर्ज कर चुकी है। यही नहीं, यह आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जबकि, पुलिस भी समय-समय पर आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करती रहती है। आंकड़े बताते है कि साइबर ठगी के शिकार होने वालों में सबसे अधिक पढ़े-लिखे व्यक्ति ही हैं। जरा सी लापरवाही उपभोक्ताओं के खातों को खाली कर दे रही है। ऐसे में आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है।

करोड़पति बनने के नाम पर ठगी

ड्रीम इलेवन में करोड़पति बनाने के नाम पर व्यक्ति से ठगी गई रकम को साइबर पुलिस ने वापस दिलवाया है। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग तीरके से सात अन्य लोगों के खाते से ठगी गई रकम को भी वापस दिलवाया है। साइबर सेल प्रभारी राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि सात फरवरी को पौड़ी के ढंदाल गांव निवासी नितिन रावत की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। बताया कि उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर ड्रीम इलेवन में टीम बनाकर करोड़पति बनाने की बात कही थी। कहना था कि वह अब तक कई लोगों की सलेक्ट टीम बनाकर उन्हें करोड़पति बना चुका है। लेकिन, इसके लिए उन्हें उसके खाते में कुछ रकम डालनी होगी। बताया कि व्यक्ति पर भरोसा कर उन्होंने अलग-अलग समय में उसके खाते में 59 हजार रुपये की धनराशि डलवाई। पैसे मिलने के बाद जब उन्होंने व्यक्ति को फोन किया तो उसने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया था। वहीं, देवी रोड निवासी नमन जदली, भारत नगर निवासी वीरेंद्र रावत, सिड़कुल निवासी शिवम राजपूत, पौड़ी निवासी मीनाक्षी, मोटाढांक निवासी गौरव कुमार, कोटद्वार पटेल मार्ग निवासी तुषा भट्ट से अलग-अलग तरीके से साइबर ठगी की गई थी। पुलिस ने संबंधित बैंकों से संपर्क कर सभी उपभोक्ताओं के खाते में ठगी गई रकम को वापस दिलवाया।

डेढ़ वर्ष में लौटाए 60 लाख

लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों को लेकर साइबर पुलिस भी गंभीरता से कार्य कर रही है। पिछले डेढ़ वर्षों में पुलिस साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्तियों को 60 लाख रुपये से अधिक की धनराशि वापस भी दिलवा चुकी है। लेकिन, आज तक पुलिस के हाथ साइबर ठगी करने वालों तक नहीं पहुंच पाए हैं।

कोटद्वार कोतवाली में स्थित साइबर सेल, जहां साइबर ठगी के मामलों की जांच कर पीड़ितों को राहत दिलाई जाती है।

सावधानी ही बचाव है

–कभी भी फोन पर किसी को अपनी बैंक डिटेल न दें
– किसी भी लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें
–गैर विश्वसनीय वेबसाइटों पर अपनी निजी जानकारी न डाले
–किसी से अपना बैंकिंग या डेबिट काड पासवर्ड और ओटीपी साझा न करें

ऐसे फंसा रहे जाल

साइबर ठग गिरोह व्यक्तियों के खाते को साफ करने के लिए नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। ठग किसी प्रभावशाली व्यक्ति की फेसबुक प्रोफाइल से फोटो लोड कर उस व्यक्ति के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर उनके परिचितों को रिक्वेस्ट भेजते हैं। इसके बाद बातों-बातों में मदद के नाम पर अपने बैंक खातों में रकम जमा करा लेते हैं। क्षेत्र के करीब 50 से अधिक व्यक्तियों से इस तर्ज पर ठगी हो चुकी है। यही नहीं, वाट्सएप के माध्यम से वीडियो काल कर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर आमजन को ठगा जा रहा है। आपने ओएलएक्स जैसी वेबसाइट पर सामान बेचने का विज्ञापन दिया है तो साइबर ठग उसे खरीदने के नाम पर ई–मेल व्हाट्सएप, एसएमएस के जरिए आप को एक लिंक भेज देगे। लिंक पर आपके पासवार्ड डालते ही खाते से रकम निकल जाती है।

ठगी होने पर यह उठाए कदम

–सबसे पहले अपने बैंक खाते, एटीएम या डेबिट कार्ड को बंद करा दें और पुलिस से शिकायत करें
–आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार, धोखाधड़ी की शिकायत तीन दिन में बैंक को करें
–बैंक में एफआईआर की कापी लेकर जाएं। इसके आधार पर बैंक धोखाधड़ी की जांच करेगा।

देश की तरक्की के लिए बच्चों का शिक्षित होना जरूरी

कोटद्वार के खूनीबड़ में जागरूकता अभियान चलाती पुलिस टीम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आपरेशन मुक्ति के तहत पुलिस ने खूनीबड़ के वाशिंदों को शिक्षा का महत्व बताया। कहा कि अभिभावकों को अपने पाल्यों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य करना चाहिए। शिक्षा ही एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकती है।

सोमवार को टीम ने खूनीबड़ में पहुंचकर अभियान चलाया। टीम ने घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया। कहा कि देश की तरक्की के लिए प्रत्येक बच्चे का शिक्षित होना अति आवश्यक है। माता-पिता को अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने का प्रयास करना चाहिए। कहा कि बच्चों को सरकारी विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को सरकार की ओर से किताब, ड्रेस, फीस और स्कूल में बच्चों के खाने आदि का प्रावधान किया गया है। कहा कि अभिभावकों को स्वयं ही अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने व लेने के लिए जाना चाहिए। अभियान के दौरान लोगों को नशे के प्रति भी जागरूक किया गया।

कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसके खात्मे के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। इस मौके पर उप निरीक्षक कृपाल सिंह, मुकेश डोबरियाल, कांस्टेबल विद्या मेहता, कांस्टेबल सूर्यकांत सैनी आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय की भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिध।

कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी कोटद्वार में जी-20 कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने स्वास्थ्य को जीवन का आधार बताते हुए स्वस्थ रहने के मूलमंत्र छात्र-छात्राओं के साथ साझा किए। भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं, चुनौतियां एवं अवसर नामक शीर्षक पर आयोजित प्रतियोगिता में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिणाम में बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका ने प्रथम, बीएससी द्वितीय वर्ष की रिया चौधरी ने द्वितीय और बीएससी फाइनल वर्ष की सुनैना जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. भोलानाथ, डॉ. गीता रावत शाह एवं गिरीश चंद्र ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग शर्मा ने किया। उन्होंने ई-रक्तकोष एप व हैल्थ आइडी आयुष्मान कार्ड की भी जानकारी दी। डॉ. कपिल ने मद्यपान व धूम्रपान न करके स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में अरविंद सिंह, प्रो. अशोक कुमार मित्तल, डॉ. इंदू मलिक, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. कुमार गौरव जैन, डॉ. कपिल, डॉ. विनय देवलाल, डॉ. उषा सिंह, मनीषा सरवालिया मौजूद रहे।

बेहतर गुणवत्ता और तेजी से विकास कार्यों को पूर्ण करें : तीरथ

विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती करें

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से वित्त पोषित कार्यों को बेहतर गुणवत्ता, तेजी से और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागों को विभागीय कार्यों में नये-नये इनीशिराटिव लेने, रिसर्च और शोध के साथ स्थानीय कंडिशन तथा व्यावहारिक अप्रोच अपनाते हुए कार्य करने को कहा। सांसद ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की संतुलित तैनाती करें। कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और विद्युत की व्यवस्था में वर्तमान समय में यदि सुधार करने की जरूरत है तो उस कार्य को प्राथमिकता से पूरा करें।

सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक आयोजित की गई। पेयजल योजनाओं और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिये कि जहां-जहां पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है तथा जहां कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है वहां तत्काल सुधार करें। लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई को सड़कों को गड्ढामुक्त करने तथा जहां पर सड़क निर्माण और सुधारीकरण के कार्य हो रहे हैं उसमें गुणवत्ता को बेहतर करने को कहा। सांसद ने शिक्षकों के अक्सर विद्यालयों से अनुपस्थित रहने वाले तथा दूरस्थ क्षेत्रों से नियम विरूद्ध आवागमन करने वाले शिक्षकों की शिकायतों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को जांच करते हुए तद्नुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सांसद ने उद्यान विभाग को जलवायु में हो रहे बदलाव के चलते बागवानी में नई-नई वैराइटी और नये-नये स्थानों पर मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बागवानी करवाने के निर्देश दिये। सांसद ने बैठक से पूर्व पौड़ी जनपद के प्रभारी मंत्री स्व. चंदन राम दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्व, पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, एकेश्वर नीरज पांथरी, कोट पूर्णिमा नेगी, कल्जीखाल बीना राणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि डीके नौटियाल, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, जिलाध्यक्ष सुषमा रावत सहित अन्य अधिकारी-कार्मिक उपस्थित थे।

सांसद तीरथ सिंह रावत बैठक को संबोधित करते हुए।

शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उपनिरीक्षक हेमकांत सेमवाल ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस बेलाडाट चौराहे के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके थैले से15 बोलत व 60 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद किए। व्यक्ति की पहचान लालपुर निवासी नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोटद्वार कोतवाली में शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

मांगों को लेकर नागरिक मंच का धरना रहा जारी

कोटद्वार : लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर नागरिक मंच का धरना सोमवार को भी जारी रहा। मंच ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

सोमवार को मंच ने 13 सूत्री मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर हुई सभा में वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि कोटद्वार जिले का निर्माण, भाबर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाली लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग (कंडी रोड) का निर्माण समेत कई योजनाएं व घोषणाएं आज तक धरातल पर नहीं उतर सकी हैं।

कण्वाश्रम में झील निर्माण, मोटर नगर बस अड्डा, गाड़ीपड़ाव में मल्टी स्टोरी भवन एवं पार्किंग की योजनाएं फाइलों में धूल फांक रही हैं। दम तोड़ रही वर्षों पुरानी सीवर लाइनों और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की कोई सुध लेने वाला नहीं है। कई बार इन मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन व मांग पत्र सौंपे गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरना-प्रदर्शन करने वालों में नागरिक मंच के अध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, पीएल खंतवाल, प्रवेश नवानी, राजेंद्र सिंह नेगी, सुरेंद्र लाल आर्य, महावीर सिंह रावत, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, आरपी पंत आदि मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री के आदेशों को किया दरकिनार

शिक्षा मंत्री ने दिये थे अटैचमेंट समाप्त कर मूल विद्यालय में लौटने के आदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिहं रावत ने शिक्षा विभाग में सभी तरह के अटैचमेंट समाप्त कर मूल विद्यालय में लौटने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। लेकिन पौड़ी जिले के अधिकारियों द्वारा शिक्षा मंत्री के आदेशों को अनदेखा किया गया है। चेहते कर्मचारियों को फिर से मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैचमेंट कर दिया हैं। जिससे क्षेत्र में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में विभाग के प्रति आक्रोश हैं।

भाजपा मंडल बीरोंखाल पूर्व अध्यक्ष ध्यानपाल सिहं गुसाईं ने बताया कि विकासखंड बीरोंखाल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पडिंडा, चौपताखाल, चोरखिंडा में तैनात वरिष्ठ सहायकों को विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालयों में तैनात कर दिया हैं। इससे इन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों पर काम का अतिरिक्त भार पड़ गया हैं। पडिंडा हाईस्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुकरेती ने बताया कि विद्यालय में इस बार कक्षा छठवीं में आठ छात्रों ने दाखिला लिया हैं, स्कूल में वरिष्ठ सहायक नहीं होने से उन्हें दिक्कत हो रही हैं। शिक्षा मंत्री ने आदेश के बाद वरिष्ठ सहायक एक दिन तक विद्यालय में रहने के बाद फिर पौड़ी सीईओ कार्यालय अटैच हो गए हैं। चोरखिंडा की प्रधानाचार्य पिंकी गुसाईं ने बताया कि विद्यालय का वरिष्ठ सहायक देहरादून महानिदेशलय में तैनात हैं, जबकि वेतन बीरोंखाल से निकल रहा हैं।

ग्रामीणों एव जनप्रतिनिधियों ने मांग की है यदि शीघ्र उनकी तैनाती नही कि गई तो बीईओ कार्यालय में आंदोलन किया जाएगा।

बीईओ बीरोंखाल वर्षा भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड परीक्षा ड्यूटी के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी का पत्र कार्यालय में आया था।

उधर, पौड़ी मुख्य शिक्षा अधिकारी आंनद भारद्वाज ने बताया कि बीरोंखाल पंडिंडा के वरिष्ठ सहायक को पौड़ी कार्यालय में परीक्षा डियूटी में लगाया गया हैं। शीघ्र ही उन्हें मूल विद्यालय में भेज दिया जाएगा।

मेधावी निर्धन विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शांति बल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में अमरदेव प्यारी देवी डबराल स्मृति मेधावी निर्धन छात्रा छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 छात्राओं का चयन छात्रवृत्ति के लिए किया गया।

परीक्षा के आयोजक मीनाक्षी और तपिश नैथानी ने बताया कि प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों के कक्षा एक से कक्षा 12 तक के करीब 250 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्राची नेगी, परिधि नेगी, दिव्यांशी बेबनी, तनीषा भदोला, वैष्णवी बेबनी, श्रुति, तनु जखमोला, महक कंडवाल, महक रावत, जोया भट्ट, शिवांशी बिष्ट, सिमरन नेगी, प्रियांशी कुमारी, मेघा भट्ट और गरिमा रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि चयनित छात्राओं को 2,500 रुपये की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाएगी।

नशे से दूर रहते हुए प्रगति के रास्ते में आगे बढ़े : पंवार

पैठाणी कॉलेज के छात्र-छात्रों ने लोकगीत और लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने जागर, गढ़वाली, कुमाउनी, पंजाबी, हरियाणी आदि लोकगीत और लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां भी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका राठ गौरव का भी हुआ विमोचन

इस मौके पर मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार ने कहा कि राठ महाविद्यालय में पढ़ाई का स्वस्थ वातावरण है। कहा कि महाविद्यालय के छात्र लगातार आगे बढ़ रहें हैं। छात्रों को चाहिए कि अपनी लोक संस्कृति का संरक्षण करे और नशे से दूर रहते हुए प्रगति के रास्ते में आगे बढ़े। विशिष्ट अतिथि प्रो. बीएस भंडारी ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बेहतर अध्ययन की यहां अपार संभावनाएं हैं। महाविद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व विधायक गणेश गोदियाल ने बताया कि जल्द ही छात्राओं के लिए छात्रावास शुरू किया जाएगा। गोदियाल ने यहां सभागार निर्माण की भी बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जितेंद्र नेगी ने कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि महाविद्यालय परिवार एक जुट है और लगातार प्रगति कर रहा है। विभिन्न गतिविधियों के प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रबंधक दौलत राम पोखरियाल, अध्यक्ष सरत सिंह, आशा राम पंत, डा. प्रवेश मिश्रा, डा. लक्ष्मी, डा. शिवेंद्र, डा. देव कृष्ण, सांस्कृतिक सचिव प्रदीप कुमार, उमेश बंसल, अरविंद कुमार, डा. राजीव दुबे, डा. अखिलेश,राम सिंह नेगी, मंजीत भंडारी, राज कुमार पाल, श्याम मोहन सिंह, मनोज सिंह, वंदना सिंह, वीरेंद्र चंद, क्रांति बल्लभ, अभिषेक भारद्वाज व छात्र परिषद के पदाधिकारी, अभिभावक आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रदीप, गरिमा और पवनदीप ने संयुक्त रूप से किया।

मौन रखकर दी मजदूरों को श्रद्धांजलि

पौड़ी : सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) से संबद्ध श्रमिकों ने श्रमिक दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते हुए शिकागो में शहीद हुए मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रखा।

सोमवार को श्रमिक दिवस पर सीटू से संबद्ध श्रमिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा स्थल पर शिकागो में 1986 में शहीद हुए मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर सीटू के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रावत, महामंत्री देवानंद नौटियाल, टीकाप्रसाद पोखरियाल, नीमा रावत, मंजू उनियाल, शिक्षा कोहली, ऐश्वर्या जुयाल आदि शामिल थे।

चिकन शॉप में शराब बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

पौड़ी : जिले में अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने चिकन शॉप में अवैध शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ल्वाली बाजार में एक चिकन शॉप में अवैध शराब का कारोबार किया करता है। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पौड़ी के ल्वाली कस्बा निवासी विपिन कुमार को 42 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि वह बाजार में चिकन शॉप चलाता है। जिसमें वह अवैध शराब की बिक्री करता पाया गया। वह क्षेत्र में शराब की तस्करी भी करता है। पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान आरोपी से शराब की खेप बरामद की।

शराब तस्कार पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि देवभूमि को नशा मुक्त करने को लेकर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। कहा कि जनपद में अवैध गतिविधियों में लिप्त पाये जाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रखा है। टीम में एसआई हेमकान्त सेमवाल, बचन सिंह राणा, सिपाही दिनेश नेगी, मनोज कुमार, सुरेश शाह शामिल रहे।

सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों का कार्यबहिष्कार शुरू

काशीपुर : दो माह से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने चार घंटे तक कार्यबहिष्कार किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में शीघ्र सीएमएस की नियुक्ति कर वेतन का भुगतान की मांग की। कहा कि चार घंटे का कार्यबहिष्कार लगातार तीन दिन जारी रहेगा। इसके बाद भी वेतन नहीं मिलने पर पूर्ण रूप से कार्यबहिष्कार किया जाएगा।

सोमवार को एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, एक्स-रे तकनीशियन, लैब तकनीशियन समेत समस्त कर्मियों ने वेतन की मांग को लेकर सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा स्थायी सीएमएस न होने के कारण उन्हें मार्च और अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है। इससे उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा वे बच्चों की स्कूल फीस, बैंकों की किस्त, मकान किराया जमा नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते परिवार चलाने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा तीन दिन तक आपातकालीन सेवाएं छोड़कर चार घंटे समस्त कार्य बंद रहेंगे। इसके बाद भी वेतन नहीं मिला तो फिर वे पोस्टमार्टम और इमरजेंसी सेवाएं समेत समस्त कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्थायी सीएमएस की तैनाती करने की भी मांग की। यहां डॉ. हरीश पंत, डॉ. राजीव पुनेठा, डॉ. मनु पांडे, डॉ. कमलजीत सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. अल्पना मिश्रा, डॉ. सोनम जैन, फार्मासिस्ट आरसी आर्य, माया देवी, कुलविंदर कौर, डीएन पांडेय, निरूपमा रहीं। (एजेंसी)

जेईई मेंस में सफल छात्रों को सम्मानित किया

रुद्रपुर : सिटी कॉन्वेंट के मेधावी एवं नेवल एनसीसी कैडेट्स हर्ष सिंह और मनदीप सिंह ने जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

स्कूल में हुए कार्यक्रम में बच्चों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। एमडी प्रवीण उपाध्याय ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा की बिना कोचिंग किए स्वयं की मेहनत और अध्यापकों के निर्देशन में स्कूल के बच्चे इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस उपलब्धि पर नेवल एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी, तिलक उपाध्याय तथा प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडेय ने बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान नीता उपाध्याय, राजेश जोशी, वंदना समेत कई लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री का जन्मदिन मनाया

रुद्रपुर : तहसील परिसर में झनकट मडंल के कार्यकर्ताओ ने केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का जन्मदिन पौंध लगाकर मनाया। इस दौरान उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस दौरान भुवन जोशी, किशोर जोशी, विमला विष्ट, हरीश वर्मा, पूरन ठकुराठी, शिवशंकर भाटिया, आनंद सिंह मौजूद रहे। (एजेंसी)

खेतों के बीच में डामर रोड बनाने से भड़के ग्रामीण

रुद्रपुर : खेतों के आवागमन के मार्ग में डामर रोड बनाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीण सोमवार को ट्रैक्टर ट्रालियों से एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर डामर रोड का निर्माण रुकवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि खेतों के बीच से लोगों की खेती की जमीन काट कर लोक निर्माण विभाग 30 फीट चौड़ी डामर रोड बना रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, डीएम और एसटी आयोग के अध्यक्ष को भी मांग पत्र भेजा। यहां बीना देवी, सुशीला देवी, लड़ैती देवी, राजकुमारी देवी, विक्रम सिंह, मंजू राना, मिथलेश, जैनवती, चमरू सिंह, रामदास, रघुवीर सिंह आदि थे। (एजेंसी)

सड़क निर्माण की मांग को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर : कश्यप कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग को लेकर लोगों ने नगर पालिका ईओ शाहिद अली को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को पालिका पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने कहा कि कश्यप कॉलोनी में बीते 14 वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। सड़क जर्जर हालत में हैं। बारिश में घरों में पानी भर जाता है। पानी की निकासी न होने के कारण गंदगी सड़क पर आ रही है। जिससे संक्रामक बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इस मौके पर महेंद्र कश्यप, प्रेम सिंह, चंद्रपाल सिंह, केशव सिंह, योगेश कश्यप, नरेश कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, गौरव कुमार, गीता देवी, अर्जुन सिंह, सर्वेश कश्यप, कविता कश्यप रहे। (एजेंसी)

आयुक्त ने तहसील रानीखेत व चौखुटिया का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा : आयुक्त कुमाऊं मण्डल, दीपक रावत ने सोमवार को तहसील रानीखेत एवं चौखुटिया का निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम उन्होंने रानीखेत तहसील पहुंचकर तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने तहसील के रिकॉर्ड रूम, पुराने वाद, भूमि से संबंधित प्रकरण, खाता खतौनी आदि के रिकॉर्ड देखे तथा सभी कार्यों के व्यवस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जयकिशन को सभी प्रकार के पुराने प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिये कि बैनामा होने के 35 दिन के अन्दर दाखिल-खारिज की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय जिससे भूमि की धोखाधड़ी को रोका जा सके साथ ही विवादित मामलों का निस्तारण भी शीघ्र किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जो व्यक्ति अपनी भूमि को अकृषक कराना चाहते है उसकी पंजिका प्रतिदिन बनाई जाय और इस कार्य का त्वरित निस्तारण किया जाय जिससे लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात उन्होंने तहसील चौखुटिया पहुंचकर भी इसी प्रकार तहसील प्रशासन के कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संक्षिप्त समाचार

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। नगर में एसआई हीरा सिंह डांगी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान केएमओयू स्टेशन के समीप स्थित अमतड़ी निवासी भरत राम की दुकान से शराब पकड़ी। थल में थानाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान बरड़ बैंड के समीप से कफल्टा निवासी गोविंद सिंह कार्की के पास से एक पेटी अवैध शराब बरामद हुई। इधर बलुवाकोट के मल्ला छारछुम में मोहित प्रसाद को एसआई मीनाक्षी देव ने पांच लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (एजेंसी)

कैबिनेट मंत्री महाराज 6 मई को अल्मोड़ा

अल्मोड़ा : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज इस जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं यह जानकारी प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने दी। उन्होंने बताया कि मंत्री 6 मई को 02:30 बजे बागेश्वर से प्रस्थान कर 5 बजे अल्मोड़ा पहुंचकर रात्रि विश्राम सर्किट हाउस अल्मोड़ा में करेंगे। 7 मई को प्रातः 10:30 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। 11 बजे विकास भवन में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण करेंगे तथा 11:30 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 2:30 बजे अल्मोड़ा से नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे। (एजेंसी)

वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

अल्मोड़ा : जिला मजिस्ट्रेट वन्दना ने बताया कि 6 मार्च, 2023 को तहसील रानीखेत के ग्राम नौगांव, काकड़ीघाट-शीतलाखेत मोटरमार्ग में वाहन संख्या यूके-01 टी0ए0-4090 दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उक्त वाहन में वाहन चालक सहित 6 व्यक्ति सवार थे, जिसमें समस्त घायलों को चोट आयी, घायलों को उपचार हेतु बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा ले जाया गया।

उन्होंने उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जांच हेतु संयुक्त मजिस्ट्रेट, रानीखेत को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने जांच अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर सुस्पष्ट जांच आख्या एक पक्ष के अन्दर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, अल्मोड़ा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। (एजेंसी)

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

रुद्रपुर : रविवार को सड़क दुर्घटना के मृतक का सोमवार को पोस्टमार्टम किया गया। रविवार देर रात सड़ासड़िया में बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई थी। फुलेया निवासी बलविंदर सिंह (55) घर से किसी काम के लिए झनकट अपनी प्लेटिना बाइक से निकला था। घर से निकलते ही थोड़ा आगे पहुंचने पर एक बस ने बाइक सवार बलविंदर सिंह उर्फ बिल्लू को पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक को रोडवेज ने टक्कर मारी और टक्कर मार बस चालक बस को लेकर फरार हो गया। इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. अक्लीम ने बलविंदर सिंह को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया था। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम किया और पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया। (एजेंसी)

मरीज करते रहे 4 घंटे तक इंतजार

काशीपुर : सरकारी अस्पताल में सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक ओपीडी, पर्चा काउंटर, दवा वितरण समेत अन्य कार्यों का बहिष्कार किया गया। जबकि इमरजेंसी, पोस्टमार्टम और राष्ट्रीय कार्यक्रम सुचारू रहे। कार्यबहिष्कार के चलते पर्ची काउंटर के बाहर मरीजों की भीड़ जमा हो गई।

दूर दराज से आए मरीज अस्पताल में दोपहर 12 बजे तक इंतजार करते रहे। 12 बजे बाद ओपीडी में मरीजों की भीड़ लग गई। इसके चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सरकारी अस्पताल के सीएमएस डॉ. कैमाश राणा के बिना सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित रहने पर रेडियोलॉजिस्ट डॉ. खेमपाल को सीएमएस नियुक्त कर प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार दे दिए गए थे।

31 मार्च को स्वास्थ्य सचिव ने शासन को बिना बताए रेडियोलॉजिस्ट डॉ. खेमपाल को उप जिला चिकित्सालय काशीपुर के सीएमएस का जिम्मा सौंपने पर स्वास्थ्य महानिदेशक से स्पष्टीकरण तलब किया था। साथ ही शासन स्तर से तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

इस बीच मुख्यालय ने डॉ. खेमपाल का आदेश निरस्त कर दिया था। जिसके चलते करीब 80 कर्मचारियों का वेतन समेत अन्य बिल पास नहीं हो पाए। (एजेंसी)

कांग्रेस ने पीएम को भेजी चिट्ठियां, भाजपा की नीतियों पर उठाएं सवाल

पिथौरागढ़ : कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 25 चिट्ठियां भेजकर भाजपा की नीतियों को लेकर हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी 11 सूत्रीय विवरणों को लेकर पोस्टकार्ड भेजा है। डीएम कार्यालय के माध्यम से 36 चिट्ठियां भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष लुंठी ने कहा कि मां गंगा के प्रति आस्था, पूर्व सैनिकों व राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान पर आज पोस्टकार्ड अभियान का समापन किया है। प्रधानमंत्री मोदी को अंकिता हत्याकांड की जांच, ऑनलाइन गैम्बिलंग को समाप्त करना, फसल बीमा योजना, महंगाई व गौतम अडानी की सम्पति में सार्वजनिक पैसा लगाने, वन रेंक वन पेंशन, पुलवामा हमले की न्यायिक जांच करने सहित अन्य मुद्दों पर पत्र भेजा है। उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री धामी को नमामि गंगे परियोजना, भर्ती घोटालों की जांच, 3 हजार सरकारी स्कूलों को बंद होने, जंगली जानवरों से खेती की सुरक्षा, राजस्थान की तरह उत्तराखण्ड में स्वास्थ का अधिकार लागू करने सहित अन्य मुद्दों पर पोस्टकार्ड भेजा गया है। (एजेंसी)

टैक्सी से तीन पेटी शराब की बरामद, चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा : थाना धौलछीना पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान मंगलता पुल के पास वाहन से वाहन चालक अर्जुन सिंह उर्फ अज्जू के कब्जे से 3 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। वाहन चालक को गिरफ्तार करते हुए, शराब तस्करी करा रहे अभियुक्त पृथ्वीराज उर्फ प्रयाग निवासी लोईटा भैसियाछाना धौलछीना के विरुद्ध भी आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज किया गया है। मामले में थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि वाहन चालक अर्जुन सिंह उर्फ अज्जू पैसों के लालच में तस्कर पृथ्वीराज उर्फ प्रयाग निवासी लोईटा भैसियाछाना धौलछीना की शराब सेराघाट से कनारीछीना की ओर ले जा रहा था, तस्कर का उद्देश्य अवैध शराब को ऊंचे दामों में बेचकर अधिक लाभ अर्जित करना था। मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस टीम में धौलछीना थानाध्यक्ष सुशील कुमार,कांस्टेबल प्रेम कुमार, कांस्टेबल धनी राम शामिल रहे। (एजेंसी)

नवनिर्मित लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का किया उद्घाटन

अल्मोड़ा : सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार सोमवार को जनपद न्यायालय अल्मोड़ा में नवनिर्मित लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला द्वारा रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चीफ लगल एड डिफेंस काउन्सिल को उनके कार्यों को यथोचित किये जाने की सलाह दी जिससे की प्रत्येक व्यक्ति को विधिक सहायता सुलभता से प्राप्त हो सके एवं विधिक सहायता से सम्बन्धित कार्यों को त्वरितता से किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम, सीनियर सिविल जज रविन्द्र कुमार मिश्रा, चीफ डिफेंस काउन्सिल देवेश बिष्ट सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। (एजेंसी)

जिला उद्योग व्यापार मंडल प्रत्येक व्यापारी के हितों के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा : जोशी

अल्मोड़ा : जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिला समन्वयक त्रिलोचन जोशी ने अल्मोड़ा के दूरस्थ क्षेत्र की ग्रामीण इकाई सेराघाट एवं धौलछीना व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक करके संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र की समस्याओं के उचित निदान के लिए एकदिवसीय भ्रमण करके बेहतर तालमेल बनाने का कदम उठाया।

जिला समन्वयक त्रिलोचन जोशी ने सेराघाट की नवनिर्वाचित व्यापार मण्डल पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके सम्मान किया।

उन्होंने क्षेत्र की समस्यायें कूड़ा निस्तारण एंव बाजार क्षेत्र में सोलर लाईट के लिए जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत स्तर से समाधान करने का मजबूत आश्वासन दिया। त्रिलोचन जोशी ने कहा कि जिला उद्योग व्यापार मण्डल अल्मोड़ा ग्रामीण इकाईयों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर प्रत्येक व्यापारी के हितों के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारी उत्पीड़न की किसी भी प्रकार की शासन-प्रशासन की कार्यवाही कड़ा विरोध किया जाएगा।

सड़कों की हालत सुधारने की मांग को लेकर लोनिवि कार्यालय में दिया धरना

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा विधानसभा की खस्ताहाल सड़कों के सुधारीकरण, डामरीकरण एवं सड़क की दीवारों में सुरक्षा दीवार लगाने की मांग के साथ ही विधानसभा की अधूरी पड़ी सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के कार्यालय में धरना दिया तथा प्रदेश सरकार एवम विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुए इस एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में श्री कर्नाटक ने कहा कि विभाग की उदासीनता/लापरवाही के कारण अल्मोड़ा शहर की आन्तरिक सड़कों जिनमें लोअर माल रोड से गैस गोदाम-माल रोड सम्पर्क मार्ग, रानीधारा मार्ग, एन.टी.डी. से बीरशिवा मार्ग, खत्याडी से मेडिकल कालेज, गरगूढ से स्यालीधार, चौसली-कोसी, बाडेछीना-शेराघाट, गैराड से कलौन (धौलछीना), बेतालेश्वर-स्यालीधार, लोधिया-चौमू-कपिलेश्वर, खूंट-ज्योली-बसर तथा हरड़ा-शितलाखेत आदि सड़कें बदहाल स्थिति में हैं और सुधारीकरण/मरम्मत/डामरीकरण की राह देख रही हैं तथा कुछ नये मार्ग भूमि का मुआवजा आदि के वितरित न होने से अभी तक रूकी हुई हैं। श्री कर्नाटक ने बताया कि पूर्व में ही लोक निर्माण विभाग/सरकार को कई ज्ञापन भेजे गए और एक माह का समय उक्त कार्यों के निस्तारण हेतु दिया गया तथा चेतावनी दी गयी थी कि यदि उक्त कार्य सम्पादित नहीं होते हैं तो उन्हें 01 मई 2023 को धरना-प्रदर्शन कर रोष व्यक्त करना पडेगा। किन्तु सरकार/विभाग के कानों में जूं भी नहीं रैंगी। जिस कारण उन्हें विवश होकर आज स्थानीय नागरिकों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि वे उपरोक्त सडकों की मरम्मत/सुधारीकरण/डामरीकरण तथा नये मार्गों का मुआवजा वितरण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के लिये सरकार तथा विभाग को चार माह का समय पुनः दे रहे हैं।

यदि इसके बाद भी सड़कों की स्थिति यथावत् बनी रहती है तो जनता के रोष को देखते हुये उन्हें नागरिकों के साथ 1 सितम्बर से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन (भूख हडताल) पर बैठने को बाध्य होना पडेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व लोक निर्माण विभाग की होगी।

नैनीडांडा के भैडगांव में ट्रैक्यूलाइज टीम तैनात

जयन्त प्रतिनिधि।
पौड़ी : नैनीडांडा के बाघ प्रभावित क्षेत्र भैड़गांव सिमल्ली में भी वन विभाग ने ट्रैक्यूलाइज टीम को तैनात कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रिखणीखाल के डल्ला, जुई और पापड़ी सहित अन्य गांवों में बाघ की कोई गतिविधि वन विभाग की टीम को बीते पांच दिनों से नहीं दिखाई दी। यहां वन विभाग ने बीते बुधवार को एक बाघ को पकड़ने में सफलता हासिल की थी। लेकिन यहां लगाए गए ट्रैपिंग कैमरों में दो बाघ सक्रिय दिखाई दिए थे। रिखणीखाल के डल्ला गांव में बाघ ने पहले हमला बोला था, जबकि नैनीडांडा के भैड़गांव में इसके तीन दिन बाद ही दूसरा हमला किया था। बाघ प्रभावित क्षेत्र में वन विभाग के तीन डिवीजनों की टीमों ने अभी भी डेरा डाला हुआ है। जिसमें कार्बेट टाइगर रिजर्व के साथ ही लैंसडौन वन प्रभाग की टीम भी शामिल है। यहां एक वन क्षेत्राधिकारी को भी अतिरिक्त तैनात करने सहित लाइव और ट्रैपिंग कैमरों के अलावा ड्रोन का भी सहारा बाघ की गतिविधियों की जानकारी जुटाने के लिए लिया जा रहा है। बाघ के यहां सक्रिय रहने के कारण स्कूलों भी मंगलवार तक बंद की गई हैं। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वपनिल अनिरुद्ध ने बताया कि रिखणीखाल में बाघ की गतिविधि बीते पांच दिनों से नहीं दिखाई दी है। टीम लगातार गश्त कर रही है। जबकि सिमल्ली भैड़गांव में पशुचिकित्सकों की एक ट्रैक्यूलाइज टीम तैनात की कर दी गई है। ग्रामीणों को पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

मजदूर दिवसः विकास की पहली नींव मजदूर ही रखता है

श्रीनगर गढ़वाल : अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के सीनेट सभागार में छात्रों की पहल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रमिकों के अलावा छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने भी भाग लिया।

मौके पर डा. राकेश नेगी, मंगत मठियाल, संजय कुमार फौजी, इं. राजेंद्र प्रसाद, सोनू आदि मौजूद रहे।

वहीं मलेथा रेलवे परियोजना में कार्यरत श्रमिकों की ओर से आयोजित में मजदूर संघ मलेथा शाखा के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने कहा कि विकास की पहली नींव एक मजदूर ही रखता है। उन्होंने रेलवे परियोजना में श्रमिकों को भारत सरकार के श्रमिक कानून के तहत लाभ दिलाए जाने की मांग की। मौके पर यूनियन के सचिव विकास रावत और कोषाध्यक्ष धनवीर रावत, विजयराम, अनिल खत्री ने अपने विचार रखे। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में भाषण और कविता पाठ तथा सेंट थेरेसा स्कूल श्रीनगर में नाटक एवं लोकनृत्य का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रमिक भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

औरंगाबाद यूपी का चालक कार के अंदर मृत अवस्था में मिला

बैंगलूरू के यात्रियों को लेकर जा रहा था बदरीनाथ और केदारनाथ

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर द्वारा यात्रा सीजन को देखते हुए नर्सरी रोड पर बनाई गई अस्थाई पार्किंग में कार के अंदर चालक अचेत अवस्था में पड़ा मिला।

जिसे पुलिस की मदद व 108 सेवा के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि कार चालक आकाश पुत्र मैनपाल निवासी हाउस नंबर 64 कृष्णा नगर औरंगाबाद बागपत उत्तर प्रदेश, बैंगलूरू के यात्रियों को लेकर ऋषिकेश से बदरीनाथ, केदारनाथ जा रहा था।

30 अप्रैल को यहां होटल में यात्रियों को छोड़ने के बाद वह कार पार्किंग में लगाने तथा सोने के लिए जाने की कहकर निकल गया था। सुबह जब साथ आए लोगों ने करीब आठ बजे चालक को फोन किया तो उसके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। फोन न उठाने पर चालक की तलाश की गई तो वह गाड़ी के अंदर अचेत अवस्था में सोया हुआ दिखाई दिया। उन्होंने जब कार का दरवाजा खोला और आवाज दी तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। कहा मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अचेत व्यक्ति को वाहन के अंदर से निकालकर एंबुलेंस 108 के माध्यम से प्राथमिक उपचार हेतु बेस अस्पताल श्रीकोट भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (एजेंसी)

5 मई से शुरू होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा

श्रीनगर गढ़वाल : विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित देवभूमि जन सेवा न्यास सेवा प्रकल्प द्वारा लक्ष्मोली में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आरएसएस के प्रचार प्रमुख संजय घिल्डियाल ने बताया कि 5 मई से 13 मई तक चलने वाली रामकथा में प्रतिदिन सामाजिक समरसता महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हिंदू समाज के सभी वर्गों समुदायों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों को घर-घर जाकर हवन सामग्री के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। कहा कि प्रतिदिन भोजन एवं प्रसाद की व्यवस्था प्रकल्प प्रबंध समिति द्वारा की गई है और कथा स्थल तक आने के लिए श्रीनगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बस सामग्री की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि देवभूमि उत्तरांचल जन सेवा न्यास द्वारा लक्ष्मोली में तीर्थ यात्रियों व निर्धन परिवारों के लिए आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी चिकित्सालय व अन्न क्षेत्र चलाया जा रहा है। जिसमें साधु-संतों के ठहरने की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था जन सेवा न्यास द्वारा निशुल्क किया जाता है। (एजेंसी)

तहसील दिवस आज

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नंदा नगर में मंगलवार 2 मई को जिला स्तरीय तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी चंदन बनकोटी ने बताया कि 2 मई (प्रथम मंगलवार) को 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नन्दानगर के ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

यात्रा के प्रथम सप्ताह में तीन घोड़े-खच्चरों की मौत, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, 61 के काटे चालन

जयन्त प्रतिनिधि।
रूद्रप्रयाग : मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की यात्रा के प्रथम सप्ताह में 19 घोड़े-खच्चरों की मृत्यु हुई थी, वहीं इस वर्ष की यात्रा के प्रथम सप्ताह में 3 घोड़े-खच्चरों की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की क्रूरता न हो इसके लिए तैनात डॉक्टरों एवं कार्मिकों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नियमों का पालन न करने वाले 61 घोड़े-खच्चरों व मालिकों का चालान किया गया है। यात्रा में संचालित न किए जाने वाले 32 घोड़े-खच्चरों को ब्लॉक किया गया है तथा 2 व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार से कोई पशु

क्रूरता न हो उसकी निगरानी के लिए 30 सदस्यीय म्यूल टास्क फोर्स तैनात की गई है। घोड़े-खच्चरों की चिकित्सा सुविधा हेतु 7 पशु चिकित्सकों एवं 6 पैरावेट की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों को गर्म पानी उपलब्ध कराए जाने के लिए 13 स्थानों पर बिजली से संचालित गर्म पानी के गीजर लगाए गए हैं। इसके अलावा सौर उर्जा द्वारा संचालित 4 गर्म पानी के गीजर केदारनाथ घोड़ा पड़ाव, भीमबली, लिनचोली तथा गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव में लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि घोड़े-खच्चरों के चिकित्सा उपचार हेतु सोनप्रयाग, गौरीकुंड, बड़ी लिनचोली, केदारनाथ रुद्रा प्वाइंट पर एमआरपी बनाई गई है, जिनमें डॉक्टरों द्वारा घायल व बीमार घोड़े-खच्चरों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में इस यात्रा में गर्म पानी सहित घोड़े-खच्चरों की देखभाल हेतु उचित प्रबंधन किया गया है।

श्रीनगर में लुढ़का पारा, फिर निकले गर्म कपड़े

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में सोमवार को दिन भर हल्की बारिश लगी रही। जबकि शाम के समय बारिश तेज होने से यहां ठंडक बढ़ गई है। बारिश से तापमान में गिरावट के साथ मौसम सुहावना हो गया। ठंड बढ़ने से गर्म कपड़े फिर से निकल गए हैं। सोमवार को कई लोग गर्म कपड़े पहने जाते हुए दिखाई दिए। कुछ दिन पहले तापमान बढ़ने से गर्मी में लोगों के पसीने छूट रहे थे। दो-तीन दिन से आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं बारिश से लोगों के घरों में ही रहने से बाजार में सन्नाटा रहा। जिससे व्यापार पर भी असर पड़ा। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

G20

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेण्डर संख्या दिनांक	22-DRM-MB-23-24 Date :- 29.04.2023	23-DRM-MB-23-24 Date :- 29.04.2023
कार्य का नाम	सहायक मण्डल अभियंता उ. रे. बरेली के अधीन मुरादाबाद मण्डल के मुरादाबाद-बरेली-रोजा सेक्शन में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के संबंध में एडीएल सिग्नलिंग, एलसी गेट सिग्नलिंग, मौजूदा एस एस टी सिग्नलिंग का विस्तार (17 ऑटो हट सिग्नलिंग का निर्माण, 12 एलसी गेट सिग्नलिंग, मौजूदा एस एस टी सिग्नलिंग का 3 विस्तार) का कार्य।	सहायक मण्डल अभियंता उ. रे. बरेली के अधीन-04 नम्बर स्टोर कम ऑफिस (SSE/Sig/BE East, West, SSE/Tele/BE और ADSTE/BE- ऑफिस) का निर्माण और 05 नम्बर टाइप II क्वार्टर (SAR, DUN, PKRA, CBJ, RYS) का निर्माण और 01 नम्बर टाइप-III Qr M.I. में का निर्माण में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के संबंध में और अन्य विविध कार्य।
टेण्डर क्लोजिंग दिनांक/समय	23.05.2023, 16.00	23.05.2023, 16:00
अनुमानित लागत (रु.)	4,82,35,815.52	2,75,80,977.68
धरोहर राशि (रु.)	3,91,200.00	2,87,900.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	09.05.2023	09.05.2023
ऑफर की वैधता	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह	06 माह

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 29.04.2023 1299/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रशासन ने मांगे सूडान में फंसे लोगों के नाम व पते

जयन्त प्रतिनिधि।
चमोली : उत्तराखण्ड शासन द्वारा शिक्षा एवं व्यवसाय हेतु सूडान में गए नागरिकों की सहायता हेतु उनसे संबंधित जानकारी मांगी गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में सूडान में चल रहे गृहयुद्ध के दृष्टिगत जनपद चमोली के ऐसे नागरिक, जो अध्ययन, व्यवसाय एवं अन्य कारणों से वर्तमान में सूडान में निवासरत हैं, उनका नाम, पिता का नाम, गांव का पता एवं वर्तमान पता, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी एवं पासपोर्ट नम्बर आदि सूचना जनपद स्तर पर स्थापित जिला आपदा प्रबन्धन कार्यालय के कन्ट्रोल रूम नंबर-1077, 251437 के साथ ही ई-मेल पर भी दे सकते हैं।

मालिनी एकेडमी ने जीता फाइनल मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के मोटाढ़ाक स्थित बाल भारती स्कूल की ओर से नौवीं कक्षा के बालक-बालिकाओं के लिए एक दिवसीय अन्तर विद्यालयी बालक एवं बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ हैप्पी चिल्ड्रेन स्कूल के उप प्रधानाचार्य संदीप गुसाईं व बाल भारती स्कूल के निदेशक कुणाल रावत ने संयुक्त रूप से किया। बालक वर्ग के फाइनल में मालिनी एकेडमी ने राइजिंग सन पब्लिक स्कूल को 21-17, 21-19,15-12 से हराया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मैच में मदरलैंड एकेडमी ने हैप्पी चिल्ड्रेन एकेडमी को 21-19, 21-15,15-13 हराया।

इस अवसर पर मुकेश सिंह भण्डारी, दीपक सिंह बिष्ट, राकेश भट्ट, सतीश मौर्य, तेजेन्द्र रावत और पवनीश चंदोला आदि थे।

स्थानीय जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाए

जयन्त प्रतिनिधि।
चमोली : खनिज फाउंडेशन न्यास निधि के तहत जिले में खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रबंधन समिति की बैठक हुई।जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण एवं आजीविका पर फोकस करते हुए एक संगठित प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र के लिए जो भी कार्य किए जाने हैं उनमें स्थानीय जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाए। ताकि क्षेत्रवासियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रस्तावित विकास कार्यों का अच्छी तरह से आंकलन करते हुए आंगणन सहित इसका प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करें। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर परिचर्चा के साथ ही समिति के सदस्यों, विभागीय अधिकारियों एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों से आए ग्राम प्रधानों ने अपने सुझाव भी रखे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, खनन उप निदेशक डा. दीपक हटवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, एसीएमओ डा. उमा रावत, छिनका ग्राम प्रधान सुमन देवी सहित समिति के अन्य सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मौसम ठीक होने पर ही केदारनाथ की यात्रा शुरू करें

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा अगले 2-3 दिनों तक अलर्ट किया गया है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बारिश एवं हिमपात की संभावना जताई गई है। उन्होंने मौसम ठीक होने तक जो यात्री जिस स्थान पर हैं उसी स्थान पर रहें तथा रुक-रुक कर यात्रा करें एवं अन्य स्थान में दर्शन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केदारनाथ धाम में लगातार बर्फबारी हो रही है, यात्रा को नियंत्रित किया जा रहा है तथा सोनप्रयाग से साढ़े दस बजे के बाद यात्रियों को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने सभी यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि सभी यात्री अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने सभी यात्रियों से अपेक्षा की है कि मौसम ठीक होने पर ही केदारनाथ की यात्रा शुरू करें।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी

Phone/fax no- 01368-222512 Email -eepdpwdpauri@gmail.com

पत्रांक- 847/35AC दिनांक- 01/05/2023

निविदा शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 805/35ए0सी0 दिनांक 22/04/2023 द्वारा क्र0सं0 4 पर अंकित कार्य (निक्षेप के अन्तर्गत पौड़ी-देवप्रयाग-गजा-जाजल (एस0एच0-31) मोटर मार्ग के कि0मी0 38 से 49 तक क्षतिग्रस्त भाग में हॉट मिक्स प्लाट से निर्मित बी.एम/एस.डी.बी.सी. द्वारा सतह मरम्मत का कार्य) की विक्रय तिथि को विस्तारित करते हुए दि0 09/05/2023 तथा निविदा प्राप्त करने की तिथि को विस्तारित करते हुए दि0 10/05/2023 अपराहन 2.00 बजे किया जाता है, निविदा दि0 10/05/2023 को अपराहन 3.00 बजे खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी

डीएम बोले अधिकारी अलर्ट रहें

जयन्त प्रतिनिधि।
चमोली : मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी एवं जनपद में लगातार बारिश व बर्फबारी को देखते हुए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त विभागीय अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए है। डीएम ने एनएच, बीआरओ एवं अन्य सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों के आसपास साइनेज लगाने के साथ ही पर्याप्त संख्या में मशीन एवं मजदूरों की तैनाती रखने को कहा है। ताकि मार्ग अवरूद्व होने पर जल्द से जल्द सुचारू किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग अवरूद्व होने पर यात्रियों को रिलीफ सामग्री भी वितरित की जाए।

सपने देखकर पूरा करने के प्रयास भी करें : प्रो. पंत

देहरादून। जीवन में बड़े सपने देखिए, लेकिन उनको पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत भी करें। तभी आप सफल हो सकते हैं। ये बात यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने पेस्टलवीड अकेडमी के प्रवेशोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कही। उन्होंने भारत के सभी राज्यों के छात्रों का प्रतिनिधित्व करने और द पेस्टल वीड स्कूल को मिनी इंडिया बनाने के लिए स्कूल की सराहना की। स्कूल के चेयरमैन डॉ. प्रेम कश्यप ने अपने संस्थानों के भविष्य की विकास योजना का वर्णन किया। कहा कि पेस्टलवीड स्कूल और कॉलेज खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्षम बनाने और छात्रों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करके किसी भी अंतरराष्ट्रीय कॉलेजों पर बढ़त बनाने का प्रयास करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि ने द पेस्टल वीड स्कूल और द पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य सचिव ने ली जी–20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में 24 से 28 मई 2023 में प्रस्तावित जी–20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उनकी तैयारियों पर विस्तृत जानकारी ली।मुख्य सचिव ने कहा कि जी–20 सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थलों एवं वापसी में एयरपोर्ट तक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं जिला प्रशासन आपसी सामंजस्य से हेल्प डेस्क उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों के आवागमन के दौरान यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि यातायात योजना इस प्रकार से तैयार की जाए कि न ही जी–20 के प्रतिभागियों को कोई समस्या हो, न ही चारधाम यात्रा के यात्रियों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़े। मुख्य सचिव ने कहा कि देश–विदेश से आए प्रतिभागियों के समक्ष अपने प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति की झलक पहुंचाने के अवसर के रूप में देखते हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति योगा और आयुष का प्रचार प्रसार के साथ उक्त उत्पादों की जानकारियां भी उपलब्ध करायी जाएं।

उत्तर रेलवे

G20

रेलवे भर्ती सैल, उत्तर रेलवे
लाजपत नगर-1, नई दिल्ली-110024
आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org
(सांकेतिक सूचना)
रोजगार संख्या: 03/2022

7वें वेतन आयोग के पे-मैट्रिक्स लेवल 2,3,4 और 5 में उत्तर रेलवे की 21 रिक्तियां भरने के लिए भारतीय खिलाड़ियों से खेल योग्यता, शैक्षिक योग्यता, आयु, परीक्षा शुल्क और सामान्य अनुदेश आदि जैसी वांछित शर्तों सहित एक विस्तृत अधिसूचना दिनांक 30.04.2023 से प्रभावी आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org पर उपलब्ध के अनुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

महत्वपूर्ण तिथियां	
ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय	03.05.2023 को 10:00 बजे
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय	02.06.2023 को 18:00 बजे
ट्रायल की अनुमानित तिथि	16.06.2023

1306/2023 अध्यक्ष/आरआरसी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक 90 / अवस्थापना विकास निधि / 2023-24 दिनांक :- 27.4.23

अवस्थापना विकास निधि कार्य अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लक्सर निम्न निर्माण कार्यों हेतु निकाय दिनांक 15.05.2023 की दोपहर 2.00 बजे तक निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित करती है। जो उसी दिन समय 3.00 बजे गठित निविदा कमेटी, नगर पालिका परिषद, लक्सर द्वारा, ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15-05-2023 को 12.00 बजे तक निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	लागत	जमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य अवधि
1	वार्ड नं. 07 में डॉ. सुभाष जी की दुकान से नई बाल्मिकी बस्ती के रास्ते की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य।	16,54,000	50000	1500/-एवं GST	45 दिन
2	वार्ड नं. 07 बसेडी बाईपास पुलिया से उत्तर दिशा की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य।	17,46,000	53000	1500/-एवं GST	45 दिन
3	वार्ड नं. 07 मेन बाजार वेदप्रकाश शर्मा से संगम पैलेस की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य।	18,38,000	56000	1500/-एवं GST	45 दिन
4	वार्ड नं. 07 बसेडी रेड राजू फार्म हाउस से इसरार के मकान की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य।	4,97,000	14900	500/-एवं GST	45 दिन

शेष शर्तें कार्यालय से कार्यालय समय में जानी जा सकती है। किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार कमेटी/अध्यक्ष महोदय को होगा।

(चन्द्रशेखर शर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लक्सर

(अम्बरीश गर्ग)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद लक्सर

सम्पादकीय

गोवंश पर हो नियंत्रण

सड़कों पर आवारा घूमते पशु अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। अक्सर देखा गया है कि वाहन दुर्घटनाओं के कई मामले आवारा पशुओं के कारण घटित होते हैं। आवारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन सामान्यता निगम अपने इस कार्य को लेकर गंभीर नजर नही आता। खासतर से जब कार्रवाई गोवंश से संबंधित हो तो अधिकारी भी हाथ पीछे खींच देते हैं। अब इसे निगम की लापरवाही कहें या सड़क पर चलने वाले लोगों का भाग्य, उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के कोटद्वार क्षेत्र में एक आवारा सांड ने मासूम बच्ची की जान ले ली। घटना के बाद या सवाल खड़ा हो गया कि आखिर सड़क आम लोगों की आवाजाही के लिए है या फिर आवारा पशुओं के टहलने की जगह! कोटद्वार के दुगड्डा-कांडाखाल मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत हथनूड़ के पल्ला गांव में यह दर्दनाक हादसा सामने आया है जहां सांड ने एक 10 वर्षीय छात्रा को कुचल दिया। मासूम लड़की स्थानीय प्राथमिक विद्यालय की पांचवी कक्षा में पढ़ती थी। शायद कल्पना भी नही की गई होगी कि सड़क पर डालने वाला 1 साल किसी की जान का दुश्मन बन जाएगा। ना केवल कोटद्वार बल्कि उत्तराखंड के अधिकांश शहरों में सड़कों का यही नजारा देखने को मिलता है। गोवंश सड़कों पर कब्जा जमाए बैठे हैं या जहां-तहां घूमते हुए मिलते हैं। नगर निगम की या ड्यूटी है कि वह आवारा पशुओं को पकड़ कर गो संरक्षण गृह में भेजें लेकिन सड़कों पर घूमते आवारा गोवंश खुद निगम की कार्यशैली की पोल खोलते हैं। निश्चित नहीं है कि एक मासूम बच्ची की मौत के बाद भी अधिकारियों की नींद खुलेगी। हादसे तो पहले भी होते आए हैं लेकिन समय पर यदि आवारा पशुओं को लेकर कोई सकारात्मक कार्रवाई की गई होती तो ऐसे सड़कों पर मासूमों की जान ना जाती। हिंदू संगठनों को भी यह विचार करना होगा कि जन सुरक्षा से बढ़कर शायद कुछ नहीं होना चाहिए एवं जन सामान्य की सुरक्षा के लिए यदि गोवंश को संरक्षण गृहों मैं भेजा जाए तो इससे ना केवल गोवंश की सुरक्षा निहित होगी बल्कि आम व्यक्ति भी आए दिन होने वाले गोवंश के प्रकोप से सुरक्षित रहेंगे।

वापिस होगा बाईडन बनाम ट्रंप का मैच!

श्रुति व्यास

इतिहास अपने-आप को दोहराएगा। अमेरिका फिर सन् 2020 के मैच का गवाह होगा। तब वे चार साल 'कम बुजुर्गइ थे। जो बाईडन ने पिछले प्रचार अभियान की शुरुआत के चार साल पूरे होने पर वापिस अपनी पुरानी घोषणा दुहराई है। उन्होंने कहा है कि वे अपना 'काम पूरा करने के लिएइ फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे।

बाईडन के लिए चुनाव में अपनी पार्टी का प्रत्याशी चुना जाना आसान होगा क्योंकि डेमोक्रेट्स के पास दूसरे चेहरे हैं ही नहीं। जहां तक रिपब्लिकन पार्टी का सवाल है वहां कई नेता उम्मीदवार बनने की दौड़ में हैं परंतु ट्रंप उनमें सबसे आगे दौड़ते नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि 2024 में अमरीका के राजनीति के अखाड़े में 2020 का मैच फिर से खेला जाएगा।

सवाल है कि ये दोनों सुपर सीनियन सिटीजन्स, जिनके जीवन के अच्छे दिन कई दशक पीछे छूट चुके हैं, फिर से राष्ट्रपति बनने की जिद पर क्यों अड़े हुए हैं? क्या सत्ता की उनकी भूख शांत नहीं हुई है? कई लोगों ने उनसे अपील की थी कि वे देश के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के नक्शेकदम पर चलते हुए अपने पद से इस्तीफा देकर देश का नेतृत्व युवा हाथों में सौंप दें। परंतु नहीं। बाईडन साहब को लगता है कि उनकी पारी अभी खत्म नहीं हुई है।

बाईडन कई दशकों से राष्ट्रपति बनने के फेर में थे। सन 2024 में वे चौथी बार चुनाव लड़ेंगे। सन 1988 में वे पहली बार चुनाव मैदान में उतरे थे। तब वे 46 साल के थे। फिर उन्होंने 2008 में 66 साल की आयु में एक बार फिर चुनाव लड़ा। आखिरकार भाग्य की देवी उन पर मुस्कुराईं और 2020 में 78 वर्ष की उम्र में वे व्हाईट हाउस में पहुंच ही गए। अगर वे अगला चुनाव जीत जाते हैं तो जब वे व्हाईट हाउस छोड़ेंगे तब उनकी आयु 86 वर्ष होगी। यह साफ है

कि बाईडन को दुनिया का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बनना और बने रहना बहुत सुहा रहा है। और भला क्यों नहीं।

बराक ओबामा जब 48 साल की आयु में राष्ट्रपति बने थे तब वे युवा, ताजादम और ऊर्जावान लगते थे। छप्पन वर्ष की आयु में जब उन्होंने पद छोड़ा तब वृद्धावस्था की छाप उन पर दिखलाई पडऩे लगी थी। वे थके हुए और हताश दिखते थे। इसके विपरीत बाईडन पद संभालने के बाद से दिन-ब-दिन और जवान व फुर्तीले होते जा रहे हैं। जब वे चलते हैं तब वे हल्के से लंगड़ाते हैं परंतु चुस्त-दुरुस्त दिखलाई देते हैं। भाषण देते समय कब-जब वे यह भूल जाते हैं कि उन्हें आगे क्या कहना है परंतु जब वे अपना रेबेन 3025 लगाकर हवाई जहाज पर चढ़ रहे होते हैं तो वे सचमुच बहुत सजीले नजर आते हैं। और उनके कारण रेबेन फिर से फैशन में आ गया है।

एक बार फिर चुनाव लडऩे का निश्चय शायद उनमें और ऊर्जा भर देगा। परंतु क्या यह एक जवान अमेरिका के लिए अच्छा होगा?

अमरीका के अधिसंख्य नागरिक युवा हैं। देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति भी बुरी नहीं है। परंतु यह देश का दुर्भाग्य ही है कि उसके शीर्ष नेतृत्व में बुजुर्गों का बहुमत है। देश के 70 प्रतिशत नागरिक नहीं चाहते कि बाईडन एक बार फिर चुनाव लड़ें और उनमें से कई डेमोक्रेट मतदाता भी हैं, जिनका मानना है कि बाईडन से मुक्ति पाने का समय आ गया है। मतदाताओं में बाईडन के समर्थक सिर्फ43 प्रतिशत है।

परंतु हाय री किस्मत। भारत की तरह अमरीका में भी डेमोक्रेट विकल्पहीनता की समस्या से जूझ रहे हैं। उनके पास कोई ऐसा दूसरा व्यक्ति नहीं है जो रिपब्लिकनों और विशेषकर डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें खड़ी करने और अराजकता फैलाने की अपूर्व क्षमता का मुकाबला कर सके। कमला हैरिस घोर अलोकप्रिय हैं। बर्नी सेंडर्स बहुत बूढ़े हैं। ऊपर से वे अपने क्रांतिकारी राजनैतिक विचारों के चलते डेमोक्रेट्स के ट्रंप कहे जाते हैं। शेष उम्मीदवारों में से अधिकांश महिलाएं हैं और कई अश्वेत भी हैं परंतु समस्या यह है कि वे सभी उम्र में बहुत छोटे और अनुभवहीन हैं। इसलिए जो बाईडन ही सबसे उपयुक्त उम्मीदवार दिख रहे हैं। एक ऐसी पार्टी जिसमें वामपंथियों का दबदबा बढ़ रहा है, में से अमेरिका एक ऐसे व्यक्ति को ही चुनना चाहेगा जो अपेक्षाकृत मध्यमार्गी है। यही कारण है कि न चाहते हुए भी वे बाईडन को ही चुनेंगे। आखिर चार और वर्षों तक ट्रंप की मूर्खताओं और मसखरी झेलने से बेहतर होगा 82 वर्ष के बाईडन को चुनना। फिर ऐसा भी तो नहीं है कि ट्रंप एकदम युवा हैं। वर्तमान में ट्रंप का समर्थन करने वाले मतदाताओं का प्रतिशत 41 है जो बाईडन से केवल दो प्रतिशत कम है।

जब कोई राष्ट्रपति पद पर रहते हुए फिर से चुनाव लड़ता है तो जाहिर है कि मतदाता राष्ट्रपति के रूप में उसके काम के आधार पर उसका आंकलन करते हैं। इस मामले में बाइडन का रिकार्ड काफी बेहतर है। उन्होंने अमरीकी सेना का उपयोग किए बिना रूस को यूक्रेन पर कब्जा न करने देने में सफलता हासिल की है। घरेलू मोर्चे उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। एक नयी औद्योगिक नीति को लागू करना, जिसके चलते सेमीकंडक्टर चिप का देश में उत्पादन तेजी से बढ़ा है तो इस मामले में अमरीका की ताईवान पर निर्भरता भी घटी। उसके अलावा उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कार्बन फुटप्रिंट को घटाने के लिए बड़ी राशि अनुदान के रूप में देने की नीति लागू की। हालांकि कांग्रेस में रिपब्लिकनों ने उनकी कम खर्चीली चाइल्ड केयर योजना को पारित नहीं होने दिया परंतु उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और कोविड राहत के लिए महत्वपूर्ण विधेयक पारित करवाने में सफलता प्राप्त की। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बाईडन के संतुलित और टिकाऊ निर्णयों से लाभ हुआ है और उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था में तेजी से मजबूती आई है। इसके विपरीत ट्रंप के कार्यकाल में उनकी एक बेवकूफाना टिप्पणी या ट्वीट से स्टाक मार्केट में भूचाल आ जाया करता था।

इन सबका लाभ बाईडन को चुनाव में मिलेगा, विशेषकर आर्थिक मोर्चे पर उनकी सफलताओं का। महामारी के कारण अर्थव्यवस्था लंगड़ाने लगी थी परंतु अब सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। और अभी तो चुनाव में 18 महीने बाकी हैं। तब तक आर्थिक हालात और बेहतर हो जाएंगे। परंतु बाईडन में एक कमी है ओर वह है वाकपटुता का अभाव। ट्रंप की तरह उनमें हजारों लोगों की भीड़ को सम्मोहित करने की क्षमता नहीं है। सन् 2020 में बड़ी सभाओं और सम्मेलनों पर कोविड के कारण रोक थी। अब ऐसा नहीं है। और हम यह मान सकते हैं कि ट्रंप के वाक् प्रहार अब और कटु व निष्ठुर होंगे। बाईडन के लिए कमला हैरिस भी एक बोझ हैं। वे पूरी तरह से फ्लाप साबित हुई हैं। ऐसे में मतदाताओं को लग सकता है कि अगर पद पर रहते हुए बाईडन स्वर्ग सिधार जाते हैं तो एक ऐसी महिला के हाथों में अपरिमित सत्ता और शक्ति आ जाएगी जो उस काम के लिए न तो तैयार है और ना ही काबिल।

ऐसे में अपनी बुजुर्गियत के बावजूद बाईडन देश के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं। वे अमेरिका के प्रजातंत्र को महफूज रख सकते हैं। उसे अन्य प्रजातंत्रों के लिए रोल मॉडल बना सकते हैं। और इसकी जरूरत पड़ेगी क्योंकि ट्रंप अपना मुंह बंद नहीं रखेंगे। उन्होंने अभी से यह स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रपति बनने के बाद बदला लेना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हाल में एक कंजरवेटिव सम्मेलन में अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था"मैं ही तुम्हारा प्रतिशोध हूं"।

तो एक शानदार मैच को फिर से देखने के लिए तैयार हो जाईए। यह भी उतना ही रोमांचक और उत्तेजक होगा जितना कि पिछला था।

बराक ओबामा जब 48 साल की आयु में राष्ट्रपति बने थे तब वे युवा, ताजादम और ऊर्जावान लगते थे। छप्पन वर्ष की आयु में जब उन्होंने पद छोड़ा तब वृद्धावस्था की छाप उन पर दिखलाई पडऩे लगी थी। वे थके हुए और हताश दिखते थे। इसके विपरीत बाईडन पद संभालने के बाद से दिन-ब-दिन और जवान व फुर्तीले होते जा रहे हैं। जब वे चलते हैं तब वे हल्के से लंगड़ाते हैं परंतु चुस्त-दुरुस्त दिखलाई देते हैं। भाषण देते समय कब-जब वे यह भूल जाते हैं कि उन्हें आगे क्या कहना है परंतु जब वे अपना रेबेन 3025 लगाकर हवाई जहाज पर चढ़ रहे होते हैं तो वे सचमुच बहुत सजीले नजर आते हैं। और उनके कारण रेबेन फिर से फैशन में आ गया है।एक बार फिर चुनाव लडऩे का निश्चय शायद उनमें और ऊर्जा भर देगा। परंतु क्या यह एक जवान अमेरिका के लिए अच्छा होगा?

अमरीका के अधिसंख्य नागरिक युवा हैं। देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति भी बुरी नहीं है। परंतु यह देश का दुर्भाग्य ही है कि उसके शीर्ष नेतृत्व में बुजुर्गों का बहुमत है। देश के 70 प्रतिशत नागरिक नहीं चाहते कि बाईडन एक बार फिर चुनाव लड़ें और उनमें से कई डेमोक्रेट मतदाता भी हैं, जिनका मानना है कि बाईडन से मुक्ति पाने का समय आ गया है। मतदाताओं में बाईडन के समर्थक सिर्फ43 प्रतिशत है।

चुनाव मैदान से बाहर भी तय होगा एजेंडा

कर्नाटक विधानसभा का चुनाव सिर्फ राज्य की भौगोलिक सीमा के दायरे में नहीं लड़ा जा रहा है। उससे बाहर भी एजेंडा तय करने की कोशिश हो रही है। मुसलमानों को आरक्षण का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में है, जिस पर कर्नाटक में सबसे ज्यादा राजनीति हो रही है। अमित शाह से लेकर राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ से लेकर शिवराज सिंह चौहान तक सबने मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया और इस बात का श्रेय लिया है कि कर्नाटक की सरकार ने इसे खत्म किया है। हालांकि यह अभी खत्म नहीं हुआ है। इसे खत्म करने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट में इस मसले पर जो कुछ भी होगा उसका असर राज्य के चुनाव पर होगा। अगर फैसला नहीं होता है, आरक्षण जारी रखने का फैसला होता है या आरक्षण रद्द होता है, तीनों ही स्थितियों में इसका चुनावी इस्तेमाल है।

बहुत दिलचस्प यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नौ मई को सुनवाई रखी है, जिसके अगले दिन 10 मई को कर्नाटक में चुनाव होना है। पता नहीं उस दिन क्या होगा, लेकिन उससे पहले भाजपा के नेता इसका प्रचार करते रहेंगे कि राज्य सरकार ने मुस्लिम आरक्षण खत्म किया है, जबकि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण करती है। एक और दिलचस्प बात यह है कि पांच मई को बॉलीवुड के बड़े निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरला स्टोरीइ रिलीज हो रही है। यह केरल में हिंदू महिलाओं के शोषण, उन्हें प्रेम जाल में फंसाने, प्रताड़ित करने और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठन में भर्ती कराने की कहानी है। रिलीज होने से पहले सोशल मीडिया में हिंदू संगठनों से जुड़े लोग इसका ट्रेलर, टीजर, पोस्टर आदि शेयर कर रहे हैं और हिंदू परिवारों से जरूर यह फिल्म देखने की अपील कर रहे हैं। कर्नाटक में मतदान से पांच दिन पहले रिलीज हो रही इस फिल्म का भी कुछ न कुछ असर होगा।

अमित शाह से लेकर राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ से लेकर शिवराज सिंह चौहान तक सबने मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया और इस बात का श्रेय लिया है कि कर्नाटक की सरकार ने इसे खत्म किया है। हालांकि यह अभी खत्म नहीं हुआ है। इसे खत्म करने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट में इस मसले पर जो कुछ भी होगा उसका असर राज्य के चुनाव पर होगा। अगर फैसला नहीं होता है, आरक्षण जारी रखने का फैसला होता है या आरक्षण रद्द होता है, तीनों ही स्थितियों में इसका चुनावी इस्तेमाल है। बहुत दिलचस्प यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नौ मई को सुनवाई रखी है, जिसके अगले दिन 10 मई को कर्नाटक में चुनाव होना है। पता नहीं उस दिन क्या होगा, लेकिन उससे पहले भाजपा के नेता इसका प्रचार करते रहेंगे कि राज्य सरकार ने मुस्लिम आरक्षण खत्म किया है, जबकि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण करती है। एक और दिलचस्प बात यह है कि पांच मई को बॉलीवुड के बड़े निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरला स्टोरीइ रिलीज हो रही है।

विचारधारा और चुनाव अलग अलग हैं!

अजीत द्विवेदी

आम आदमी पार्टी हमेशा अपनी अजीबोगरीब राजनीतिक पहलों से देश के लोगों को चौंकाती रहती है। उसके नेताओं की कथनी और करनी में अक्सर बहुत सामंजस्य या निरंतरता नहीं होती है, बल्कि बहुत ज्यादा विरोधाभास होता है। अगर अभी के घटनाक्रम को देखें तो ऐसा लग रहा है कि बिना विचारधारा वाली इस पार्टी के लिए राजनीति का मतलब सिर्फ चुनाव है। एप्पल टीवी के अत्यंत मशहूर शो 'टेड लासोइ का एक कैरेक्टर बार बार कहता है 'फुटबॉल इज लाइफइ वैसे ही लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के लिए 'इलेक्शन इज लाइफइ यानी चुनाव ही जिंदगी है। पार्टी को हर चुनाव लडऩा है और हर जगह चुनाव लडऩा है चाहे उसका नतीजा कुछ भी क्यों न हो। आम आदमी पार्टी जमानत जब्त कराने का रिकॉर्ड बना चुकी है। फिर भी उसे हर चुनाव लडऩा है और कांग्रेस की चुनावी संभावनाओं को कमजोर लगाना है। तभी भारतीय जनता पार्टी से लडऩे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में अरविंद केजरीवाल या पार्टी के दूसरे नेताओं के अनर्गल प्रलाप पर यकीन करने में मुश्किल होती है।

यह समझना मुश्किल होता है कि आम आदमी पार्टी का भाजपा और मोदी विरोध वैचारिक है या निजी राजनीतिक आकांक्षा की पूर्ति का माध्यम है? इस सवाल का कुछ हद तक जवाब पार्टी के एक महत्वपूर्ण नेता और चुनाव रणनीतिकार संदीप पाठक ने दिया है। संदीप पाठक पहले प्रशांत किशोर के साथ रहे हैं और उन्होंने पिछले साल पंजाब विधानसभा चुनाव की रणनीति संभाली थी। वहां जीत के बाद केजरीवाल ने उनको राज्यसभा में भेजा और आगे के सभी चुनावों की कमान उनको सौंपी। उन्होंने आगे के लोकसभा चुनावों में अकेले लडऩे का ऐलान करते हुए कहा है कि, 'आम आदमी पार्टी समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ है, लेकिन चुनाव अलग चीज हैइ। यानी वह भाजपा विरोधी पार्टियों के साथ रहेगी लेकिन उनके साथ मिल कर चुनाव नहीं लड़ेगी। वह अकेले और लगभग सभी जगह चुनाव लड़ेगी। इसका मतलब है कि वह जिस विचारधारा को मानती है उस पर अमल नहीं करेगी! सोचें, आप जिस विचारधारा में यकीन करते हैं, उस पर अमल नहीं करेंगे तो फिर विचारधारा को मानने का क्या मतलब है?

अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दूसरे नेता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कम पढ़ा-लिखा बता रहे हैं। केजरीवाल विधानसभा में खड़े होकर 'चौथी पास राजा की कहानीइ सुना रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि कम पढ़ा लिखा होने की वजह से अधिकारी प्रधानमंत्री से किसी भी फाइल पर दस्तखत करा ले रहे हैं। उनका कहना है कि अगर प्रधानमंत्री पढ़ा लिखा होता तो नोटबंदी की फाइल पर दस्तखत नहीं करता। सोचें, अगर आम आदमी पार्टी को लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी का शासन देश के लिए ठीक नहीं है, इससे देश में आर्थिक बदहाली आई है या इससे लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हुआ है तो एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर उसका पहला कर्तव्य क्या बनता है? उसकी पहली जिम्मेदारी बनती है कि वह ऐसे शासन को बदलने में सक्रिय भूमिका निभाए। लेकिन इसकी बजाय आम आदमी पार्टी भाजपा विरोध की साझा राजनीति को कमजोर करने का काम कर रही है। कम से कम अभी ऐसा लग रहा है। लोकसभा चुनाव में एक साल का समय है और हो सकता है कि आगे आम आदमी पार्टी का नजरिया बदले।

कांग्रेस के प्रति सद्भाव दिखाने और कांग्रेस का सद्भाव हासिल करने के बाद भी आम आदमी पार्टी अपनी इस बुनियादी राजनीतिक रणनीति से गाइड हो रही है कि उसे कांग्रेस की जगह लेनी है और वह जगह तभी हासिल होगी, जब कांग्रेस कमजोर होगी। सो, योजनाबद्ध तरीके से कांग्रेस को कमजोर करने की राजनीति हो रही है। इसके लिए बड़ी होशियारी से आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को देश की उम्मीद बताया जा रहा है। ध्यान रहे भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और राहुल गांधी को स्वाभाविक विकल्प माना जा रहा था। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल एक उम्मीद के तौर पर उभरे भी थे लेकिन गुजरात के चुनाव नतीजों से उत्साहित आप इस उम्मीद को पंक्चर कर रही है। इसके लिए पार्टी ने दो स्तरीय रणनीति बनाई है। एक तरफ पार्टी ने भाजपा विरोध की तीव्रता बढ़ा दी है और विपक्षी पार्टियों के साथ जुड़ कर साझा अभियान में शामिल होने का मैसेज दे रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस को कमजोर करके उसकी संभावना समाप्त करने और अपना रास्ता बनाने में लगी है।

इस योजना के तहत ही आम आदमी पार्टी उन सभी राज्यों में लड़ रही है, जहां इस साल चुनाव होने वाले हैं। उसने कर्नाटक में उम्मीदवार उतारे हैं तो साथ ही यह भी ऐलान किया है कि वह राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जल्दी अपना चुनाव अभियान शुरू करेगी। इन तीनों राज्यों में साल के अंत में यानी नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होना है लेकिन पार्टी ने कहा है कि वह जून से इन राज्यों में अपना चुनाव अभियान शुरू करेगी। पार्टी के चुनाव रणनीतिकार संदीप पाठक इन तीनों राज्यों में पार्टी की चुनावी योजना पर काम कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन तीनों राज्यों में आम आदमी पार्टी बड़े अंतर से तीसरे नंबर की पार्टी रहेगी। केजरीवाल भी इस बात को जानते हैं लेकिन दिल्ली, पंजाब, गोवा और गुजरात के अनुभव ने उनको सिखाया है कि पहली लड़ाई हार कर या आंशिक रूप से जीत हासिल करके भी आगे की लड़ाइयां जीती जा सकती हैं।

ध्यान रहे दिल्ली में अपने पहले चुनाव यानी 2013 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी 28 सीट के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और उसे 29.5 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस तब भी एक बड़ी ताकत थी। उसे सिर्फ आठ ही सीट मिली थी लेकिन वोट 24.6 फीसदी मिले थे। भाजपा 33 फीसदी वोट और 32 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। लेकिन 2015 के दूसरे चुनाव में कांग्रेस का वोट घट कर 9.7 फीसदी रह गया और आप का वोट बढ़ कर 54.3 फीसदी हो गया। कांग्रेस के साथ साथ बसपा जैसी दूसरी पार्टियों के भी वोट आप की ओर शिफ्ट कर गए। दिल्ली की 2013 की कहानी पंजाब में 2017 में दोहराई गई और उसके अगले चुनाव यानी 2022 में आप ने दिल्ली की 2015 वाली कहानी दोहरा दी। प्रचंड बहुमत के साथ उसने सरकार बनाई और कांग्रेस, अकाली दल, बसपा सहित सभी पार्टियों के वोट उसकी ओर शिफ्ट हुए। गुजरात की कहानी भी इसी से मिलती-जुलती है। अपने पहले चुनाव में यानी 2017 में आप को सिर्फ 64 हजार वोट मिले थे। आधे फीसदी से भी कम। लेकिन दूसरे चुनाव यानी 2022 में उसे 13 फीसदी वोट मिला और भाजपा का 43 फीसदी का वोट घट कर 27 फीसदी पर आ गया। अगली बार आम आदमी पार्टी गुजरात में दिल्ली और पंजाब की कहानी दोहराने की उम्मीद कर रही है।

तभी सवाल है कि अगर वह कांग्रेस से तालमेल कर लेती है या उसके साथ मिल कर लडऩे के लिए राजी हो जाती है तो वह गुजरात या गोवा या किसी भी दूसरे राज्य में अपनी राजनीति कैसे कर पाएगी? दिल्ली और पंजाब की कहानी दूसरे राज्यों में दोहराने के लिए जरूरी है कि वह भाजपा से लड़ती दिखे और कांग्रेस को कमजोर करे। पहला धक्का कांग्रेस को कमजोर करने का होगा और दूसरा धक्का उसके रिप्लेस करने का होगा। इसी योजना के तहत आम आदमी पार्टी इस साल होने वाले राज्यों के चुनाव लड़ेगी। वह कांग्रेस को कमजोर करने में कामयाब हो गई यानी वोट काट कर कांग्रेस को नहीं जीतने दिया तो उसको दो फायदे होंगे। पहला फायदा तो यह होगा कि लोकसभा चुनाव में तालमेल के लिए वह कांग्रेस को सरेंडर करने के लिए राजी कर पाएगी। दूसरी पार्टियां भी कांग्रेस पर दबाव डालेंगी कि वह केजरीवाल की पार्टी के लिए सीट छोड़े। ध्यान रहे केजरीवाल को किसी भी प्रादेशिक क्षत्रप के असर वाले राज्य में लडऩे नहीं जाना है। उनको कांग्रेस के असर वाले राज्यों में ही लडऩा है। आम आदमी पार्टी को दूसरा फायदा यह होगा कि इन राज्यों के अगले चुनाव में वह कांग्रेस को रिप्लेस करके बड़ी ताकत के तौर पर उभर सकती है।

अब कोई परदादारी नहीं

अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही संदेश है।अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही संदेश है। मलिक ने जब खुल कर अपनी बातें कहने का मन बनाया होगा, तब संभवतः उन्हें भी इसके संभावित नतीजे का अहसास रहा होगा। कम से कम उन लोगों को अवश्य ही था, जिन्होंने हाल में उनके इंटरव्यू सुने। बहरहाल, सरकार ने अब उन्हें निशाना बना लिया है, तो इसके संभावित नतीजों का भी अनुमान लगाया जा सकता है। मलिक को जो मुश्किलें पेश आएंगी, वह तो जग-जाहिर है। लेकिन उसके साथ ही यह भी जाहिर हो रहा है कि ऐसी कार्रवाइयां अब रही-सही साख भी खो रही हैं। जिन विपक्षी नेताओं या सिविल सोसायटी संगठन या मीडिया संस्थान पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई अब तनिक भर भी यह संदेह पैदा नहीं करती कि इसके पीछे सचमुच कोई वैध कारण रहा होगा। उलटे कार्रवाई का शिकार को लेकर समाज के एक बड़े हिस्से में सहानुभूति और समर्थन का भाव पैदा होता है। सीबीआई का नोटिस मिलने की खबर आते ही सत्यपाल मलिक के लिए जिस तरह का समर्थन भाव देखा गया, वह इस बात की ठोस मिसाल है। इसके साथ ही सरकार के प्रति गुस्से की भावना भी बढ़ती नजर आ रही है। हकीकत यह है कि सरकार समर्थक समूहों के पास भी ऐसी कार्रवाइयों का समर्थन करने के तर्क कमजोर पड़ रहे हैं। तब ऐसे तर्क चूकने लगें, तो उसका सीधा मतलब होता है कि ताकत के जोर से सरकार चलाने की बढ़ी प्रवृत्ति बेनकाब होने लगी है।

गौरतलब है कि ताकत मोहल्लों के दादाओं के पास भी होती है। लोग डरते उनसे भी हैं। लेकिन उनकी कोई साख नहीं होती। बल्कि उनके रुतबे को कानून की नाकामी के रूप में देखते हैं। क्या कुछ-कुछ ऐसा ही भाव सरकारी कार्रवाइयों के बारे में देखने को नहीं मिलने लगा है?

नरेंद्र मोदी सरकार ने कानून, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिन तक उन एजेंसियों के हाथ पहुंचते हैं, उनके बारे में हर तरह के परदे गिरा दिए हैं। अब सीधा खेल है। आप अगर सरकार के खिलाफ बोले, तो आपका कोई ना कोई कथित अपराध ढूंढ लिया जाएगा। फिर एजेंसियां आपके यहां दस्तक देंगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मिले सीबीआई नोटिस का यही संदेश है।

सुप्रीम कोर्ट से केंद्र ने कहा, राजद्रोह कानून पर परामर्श की प्रक्रिया अंतिम चरण में

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि वह राजद्रोह कानून में बदलाव करना चाहती है और इसके लिए विचार-विमर्श की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने केंद्र सरकार के रुख से अवगत कराया। वेंकटरमणि ने पीठ के समक्ष कहा कि केंद्र भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए के तहत राजद्रोह कानून में संशोधन करना चाहता है और इस संबंध में परामर्श की जरूरी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि कानून में बदलाव के लिए सरकार संसद के मानसून सत्र में जरूरी प्रक्रिया पूरी कर लें। राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पीठ ने केंद्र का बयान दर्ज करने के बाद कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई संसद के मानसून सत्र के बाद अगस्त के दूसरे सप्ताह में करेगी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में फैसला आने तक आईपीसी की धारा 124-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज करने पर रोक का इस अदालत का अंतरिम आदेश लागू रहेगा यानी इस धारा के तहत कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी।

अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, छह लाख की अवैध शराब बरामद

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के थाना शाहपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर दीपक को बसी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक टाटा मैजिक (छोटा हाथी), हरियाणा मार्का की 75 पेटी प्रतिबन्धित/अवैध शराब (कीमत करीब 6 लाख) बरामद किया है। पुलिस द्वारा प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार शराब तस्कर ने बताया कि हम लोग यह शराब हरियाणा से सस्ते दामों में खरीद कर आगामी नगर निकाय निर्वाचन में जनपद मुजफ्फरनगर, बागपत, बिजनौर व आसपास के जिलों में महंगे दामों में बेच कर आर्थिक लाभ अर्जित करना चाहते थे।

बुढ़ाना क्षेत्राधिकारी (सीओ) विनय गौतम ने बताया कि शराब तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से हरियाणा मार्का की 75 पेटी अवैध शराब पाई गई। इसकी कीमत करीब 6 लाख है। अधिकारी ने कहा कि, आरोपी के खिलाफ शाहपुर थाने में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे कार्रवाई की जा रही है।

कानपुर में रहस्यमय परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर के एक गांव में 55 वर्षीय एक व्यक्ति अपने घर के पास रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया। करबिगवां गांव निवासी राजू मिश्रा का शव रविवार को उसके घर से 10 मीटर दूर एक पेड़ के नीचे पड़ा मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। प्राथमिक जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां छोड़ गया है।

थाना प्रभारी नरवाल चंद्रकांत मिश्रा ने कहा, राजू मिश्रा की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, इसलिए साक्ष्य, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिवार के सदस्यों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।मिश्रा की पत्नी सिया प्यारी ने पुलिस को बताया कि करीब एक सप्ताह पहले उसके पति ने उसे बिना बताए दो बिस्वा जमीन बेच दी थी और उसमें से एक भी पैसा भी उसे या परिवार के किसी अन्य सदस्य को नहीं दिया था।

लुधियाना गैस कांडः मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख

प्रभावितों को मिलेंगे 50-50 हजार, केंद्र ने किया एलान

लुधियाना (पंजाब) , एजेंसी। लुधियाना के रिहायशी इलाके में जहरीली गैस की चपेट में आने से रविवार को 11 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख प्रकट किया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये देने का एलान किया है जबकि प्रभावित लोगों को 50-50 हजार रुपये देने की भी घोषणा की। सोमवार को पीएमओ इंडिया ने ट्वीट कर जानकारी दी।

गौरतलब है कि रविवार को यह हादसा हुआ था। इसमें जान गंवाने वाले 11 लोगों में से पांच एक ही परिवार से थे जबकि 12 को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इससे पहले पंजाब सरकार ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने का एलान किया था।

ग्यासपुरा इलाके के लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र की सीवरेज लाइन में औद्योगिक कचरे मिलना आम बात है। इसका असर पीने वाले पानी में भी नजर आता है। यही कारण है कि जहरीली गैस हादसे के बाद लोग नलों का पानी पीने से कतरा रहे हैं और दूसरे इलाकों से पीने का पानी भरकर ला रहे हैं।

इलाके के लोगों का कहना है कि जिस घातक औद्योगिक कचरे की दुर्गंध मात्र से चलते फिरते लोग लाश बन गए तो हो सकता है कि इस जानलेवा केमिकल के कुछ अंश पानी में भी मिले हो। ऐसे में इलाके के ज्यादातर लोग पानी पीने से भी डरने लगे हैं।

खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने मोगा से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि अमृतपाल सिंह 18 मार्च से फरार चल रहा था। जानकारी के मुताबिक अमृतपाल को असम के डिब्रूगढ़ ले जाया जाएगा।

मिसिसिपी में गोलीबारी में 2 किशोरों की मौत, 4 घायल

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राज्य मिसिसिपी के बे सेंट लुइस शहर में एक हाउस पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें दो किशोरों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। बे सेंट लुइस पुलिस विभाग के अनुसार, एक संदिग्ध, जिसकी पहचान 19 वर्षीय कैमरून एवरेस्ट ब्रांड के रूप में की गई है, को गंभीर हमले के छह आरोपों में गिरफ्तार किया गया।ओल्ड ब्लू मीडो रोड के 1000 ब्लॉक में दोपहर करीब 12.34 बजे अधिकारियों ने गोलीबारी का जवाब दिया।बे सेंट लुइस पुलिस प्रमुख जे टोबी श्वार्ट्ज ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मौके पर पहुंचने पर कई लोगों को गोली लगने से घायल पाया गया।पीड़ितों के नाम जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन उनकी उम्र 15 से 18 साल के बीच है।

तलाक पर सुप्रीम फैसला, पति-पत्नी राजी हों तो 6 महीने का इंतजार भी जरूरी नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति से विवाह विच्छेद पर फैसला सुनाते हुए गाइड लाइन जारी की। सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति से शादी खत्म करने पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर संबंधों को सुधारना संभव ना हो तो कोर्ट विशेष शक्तियों के तहत मिले अधिकारों के जरिए दखल दे सकता है। कोर्ट ने कहा कि तलाक से पहले आपसी सहमति के लिए दिए जाने वाले 6 महीने के वेटिंग पीरियड की भी बाध्यता नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसे दी गई विशेष शक्ति का उपयोग करते हुए सहमति से तलाक के लिए दी जाने वाली 6 महीने की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि को शर्तों के अधीन खत्म किया जा सकता है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आर्टिकल 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार है कि वह दोनों पक्षों के साथ न्याय करने वाला कोई भी आदेश जारी कर सकता है। इस बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस एएस ओका, विक्रम नाथ और जस्टिस एके माहेश्वरी भी शामिल थे।

बेंच ने कहा, 'यदि शादी में रिश्ते सुधरने की कोई गुंजाइश ना बची हो और पति-पत्नी राजी हों तो फिर सुप्रीम कोर्ट से तलाक मिल सकता है।इ जस्टिस खन्ना ने बेंच का फैसला पढ़ते हुए कहा कि ऐसा करते हुए फैमिली कोर्ट जाने की जरूरत नहीं होगी, जहां तलाक के लिए 6 से 18 महीने तक का इंतजार करना होता है।

यमन के हौथी विद्रोहियों ने सरकार के सैन्य कमांडर को रिहा किया

सना ,एजेंसी। यमन के हौथी विद्रोहियों ने एक सरकारी सैन्य कमांडर को रिहा कर दिया है, जिसे आठ साल से हिरासत में रखा गया था। हौथी के एक अधिकारी ने एक बयान में यह घोषणा की। यमनी सरकार की सेना के एक कमांडर फैसल रज्जब को रविवार को दक्षिणी प्रांत अबयान में उनके गृहनगर के एक आदिवासी प्रतिनिधिमंडल द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया।

हौथी कैदी मामलों की समिति के प्रमुख अब्दुलकादिर अल-मुर्तदा ने रविवार को यमन की राजधानी सना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक बयान में रज्जब की रिहाई की पुष्टि की।अल-मुर्तदा ने कहा, कैदी, मेजर जनरल फैसल रजब की रिहाई के साथ हम एक कैदी की अदला-बदली के लिए अपनी तत्परता की पुष्टि करते हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रज्जब को आदिवासी प्रतिनिधिमंडल को सौंपते हुए देखा गया।

सरकार से बातचीत कर रहे प्रतिनिधिमंडल के प्रवक्ता माजिद फडेल ने रज्जब की रिहाई का स्वागत करते हुए ट्वीट किया कि रज्जब को मूल रूप से अप्रैल के मध्य में लागू संयुक्त राष्ट्र की दलाली वाले कैदी स्वैप सौदे के हिस्से के रूप में रिहा किया जाना था, लेकिन हौथियों ने उसकी रिहाई में देरी करने पर जोर दिया, वह भी बिना कोई कारण बताए।

मार्च 2015 में दक्षिणी प्रांत लाहिज में हौथी विद्रोहियों के अल-अनद एयर बेस पर धावा बोलने के बाद रज्जब को पकड़ लिया गया था। उनका नाम लगभग 900 कैदियों की सूची में दिखाई दिया, जिन्हें अप्रैल के मध्य में तीन दिवसीय कैदी विनिमय में मुक्त किया गया था। यमन के युद्धरत पक्षों ने अरब राज्य में युद्ध को समाप्त करने के लिए अगले दौर की वार्ता के लिए तत्परता व्यक्त की है, जो 2014 के अंत से चल रही है जब ईरान समर्थित हौथी मिलिशिया ने कई उत्तरी शहरों पर नियंत्रण कर लिया था।

केंद्र ने 14 मैसेंजर मोबाइल एप्प्स को किया ब्लॉक, कश्मीर में आतंकी कर रहे थे इस्तेमाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने रक्षा बलों, खुफिया और जांच एजेंसियों की सिफारिश पर बड़ा कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर में आतंकी ग्रुप्स द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 14 मैसेंजर मोबाइल एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया है। इनमें ऋयपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विकरमे, मीडियाफायर, ब्रायर, बीचैट, नंदबॉक्स, कॉनियन, आईएमओ, एलिमेंट, सेकेंड लाइन, जांगी, थ्रेमा जैसे ऐप्स शामिल हैं।सूत्रों के मुताबिक कई एजेंसियों ने पाया कि इन ऐप्स का इस्तेमाल कश्मीर घाटी में आतंकवादी अपने समर्थकों और ऑन-ग्राउंड वर्कर्स के साथ संवाद करने के लिए कर रहे थे। सरकार ने पाया कि इन ऐप्स के भारत में प्रतिनिधि नहीं थे और भारतीय कानूनों के अनुसार जानकारी मांगने के लिए उनसे संपर्क नहीं किया जा सकता था। एजेंसियों ने कई मौकों पर ऐप मैनेजमेंट से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन भारत में संपर्क करने के लिए कोई कार्यालय नहीं था।

फर्जी सर्टिफिकेट पर टीचर ने की 36 साल नौकरी, 6 साल की जेल, 50 लाख का जुर्माना

रांची (एजेंसी)। झारखंड की उपराजधानी दुमका के सरैयाहाट प्रखंड में एक शिक्षक फर्जी सर्टिफिकेट पर 36 साल तक नौकरी करता रहा। शिक्षा विभाग को इस फजीवाड़े का पता तब चला जब शिक्षक रिटायर हो गया। अब उस शिक्षक को सजा सुनायी गयी है। फर्जी सर्टिफिकेट पर 36 साल तक नौकरी करने वाले शिक्षक शुकदेव मंडल को दुमका के प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी ने 6 साल की जेल और 50 लाख का जुर्माना लगाया है।

12 साल तक चले मुकदमे में अदालत ने उन्हें दोषी पाकर सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि सरकारी कोष में नहीं जमा करने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

वर्ष 2011 में तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक को जांच के क्रम में पता चला कि सरैयाहाट प्रखंड के कानीजोर प्राथमिक विद्यालय के रिटायर्ड टीचर शुकदेव मंडल ने फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल की है। यही नहीं रिटायर होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार उन्होंने राशि भी ले ली।

जांच में पता चला कि शिक्षक ने वर्ष 1968 का मैट्रिक का जो सर्टिफिकेट प्रमाणपत्रों के साथ जमा किया है, अभिलेख में उनके नाम की जगह पर दूसरे का नाम है। इससे लगता है कि शुकदेव मंडल ने फर्जी कागजात के आधार पर नौकरी हासिल की।

इसके बाद तत्कालीन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरनाथ साहू को तत्काल मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। इस मामले में शिक्षक को नोटिस देकर कहा गया कि रिटायरमेंट के बाद उन्होंने जो सरकारी राशि प्राप्त की है उसे एक माह के अंदर देवघर कोषागार में जमा कर दें।

पर इस मामले में शिक्षक की ओर से किसी तरह का जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद 18 अगस्त 2011 को सरैयाहाट थाने में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सेवा करने और सेवानिवृत्ति के बाद प्राप्त सरकारी राशि वापस न करने का मामला दर्ज कराया गया। इस केस में बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिल कुमार झा ने केस की पैरवी की।

सिएटल में गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

सैन फ्रांसिस्को 01 मई,। अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के सिएटल में कैल एंडरसन पार्क में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक व्यक्ति की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में मौत हो गई। सिएटल के पुलिस प्रमुख एड्रियन डियाज ने सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तीसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर सुरक्षा में एलयू में पार्ट टाइम कोर्स

लखनऊ(एजेंसी)। लखनऊ विश्वविद्यालय (यूपी) नए अकादमिक सत्र 2023-24 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में पार्ट टाइम मास्टर डिग्री इन टेक्नोलॉजी (एम.टेक) की पेशकश करेगा। इंजीनियरिंग फैकल्टी डीन प्रो ए.के. सिंह ने कहा, स्नातकोत्तर स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा की बहुत मांग है। इसलिए हमने दो विषयों में एम.टेक की पेशकश का फैसला किया है। इसकी कक्षाएं शाम 6 से 9 बजे के बीच आयोजित की जाएंगी। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली कक्षाओं के अलावा कक्षाएं रविवार को भी आयोजित की जाएंगी,एलयू ने इंजीनियरिंग फैकल्टी द्वारा प्रस्तावित अपने बीसीए पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति भी लागू की है। एनईपी लागू होने के बाद छात्रों के पास मल्टीपल एंट्री और एग्जिट का विकल्प होगा।

यूपी के नगर निकायों में अवैध कब्जों पर चलेगा बुलडोजर

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अवैध निर्माण को लेकर सख्त योगी सरकार अब नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि, पार्क, तालाब, पोखर समेत किसी भी सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने जा रही है। सरकार की ओर से सभी नगरीय निकायों को ऐसे अवैध निर्माण व अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नियमानुसार कार्रवाई के साथ ही इसकी जानकारी एंटी भूमाफिया पोर्टल (आईजीआरएस पोर्टल) पर भी दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार पहले भी कड़े कदम उठा चुकी है। खासतौर पर भूमाफिया के चंगुल से प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए की जमीन को मुक्त कराया जा चुका है। इसी क्रम में अब नगरीय निकाय में यह अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध निर्माण से मुक्त कराने का निर्णय लिया गया है।प्रदेश सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक नगरीय निकाय से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने निकाय में ऐसी सार्वजनिक भूमियों, पार्क, तालाब, पोखर इत्यादि को चिन्हित करेंगे, जिनका भूमाफिया या किसी के भी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसी सभी सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसको आईजीआरएस पोर्टल (एंटी भूमाफिया पोर्टल) पर राजस्व विभाग के सहयोग से दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक नगरीय निकाय का यह दायित्व होगा कि वह अपने निकाय से संबंधित सूचना निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराएंगे। वहीं निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय इस सूचना को शासन को उपलब्ध कराएंगे।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने एवं अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराए जाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा एंटी भूमाफिया अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 2017 से प्रारंभ किया गया था। एंटी भू माफिया अभियान की समीक्षा के लिए चार स्तरीय टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। इसमें राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर समीक्षा होती है। मुख्य सचिव दया शंकर मिश्रा राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के अध्यक्ष हैं, जबकि अन्य विभागों के साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग इस राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के सदस्य हैं। समय-समय पर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव राजस्व विभाग द्वारा राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की जाती रहती है।हाल में संपन्न राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में पाया गया कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों एवं अवैध कब्जेदारों की सूचना एंटी भूमाफिया पोर्टल पर नगण्य है।

गुड्डू मुस्लिम को पकडऩे के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर कर रही फोकस

प्रयागराज (एजेंसी)। 24 फरवरी को वकील उमेश पाल और उनके दो पुलिस गार्डों की हत्या का आरोपी गुड्डू मुस्लिम दो महीने से पुलिस से बच रहा है। घटना के दौरान गुड्डू को उमेश पाल पर देसी बम फेंकते हुए कैमरे में कैद किया गया था। हमले के बाद उसके बम फेंकने का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

मामले की जांच कर रहे अधिकारियों का अब कहना है कि वे गुड्डू मुस्लिम को गिरफ्तार करने के लिए अपनी रणनीति बदल रहे हैं।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि, सूत्रों ने हमें बताया है कि गुड्डू मुस्लिम अपना रूप बदलने और खुद को छिपाने में माहिर है।

यूपी को मिलेंगे दो और मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल

लखनऊ (एजेंसी)। इस साल फरवरी में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के दौरान किए गए निवेश के वादे के तहत उत्तर प्रदेश में दो और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल बनने जा रहे हैं। एक अस्पताल समूह ने लखनऊ में 400-बेड की सुविधा स्थापित करने में रुचि दिखाई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग को वाराणसी-मिजार्पुर सीमा पर समान बिस्तर क्षमता वाले मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए एक और प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, यूपी में नए चिकित्सा उपक्रमों में रुचि रखने वाले समूहों ने उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट -2023 में भाग लिया था। उन्होंने अब उन जमीनों की पहचान कर ली है, जहां वे अपना अस्पताल बनाएंगे।

राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रक्रिया में देरी न हो, चाहे वह दस्तावेजीकरण के दौरान हो या विभागीय अनुमति लेने के लिए।

इस बीच, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इन इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी ने कहा कि राज्य सरकार को निजी अस्पतालों को सस्ती बिजली मुहैया करानी चाहिए।एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल डॉक्टर्स के महासचिव डॉ अभिषेक शुक्ला ने कहा, नए उद्यम के लिए दो दर्जन से अधिक बिंदुओं पर मंजूरी प्राप्त की जानी है।

पैराग्वे की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार सैंटियागो पेना ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

असुनसियन , एजेंसी। पैराग्वे की शीर्ष चुनावी अदालत ने पुष्टि की है कि सत्तारूढ़ कोलोराडो पार्टी के उम्मीदवार सैंटियागो पेना ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। सुपीरियर कोर्ट ऑफ इलेक्टोरल जस्टिस के अनुसार, 96 प्रतिशत से अधिक मतपत्रों की गिनती के साथ, 44 वर्षीय अर्थशास्त्री और पूर्व वित्त मंत्री को करीब 43 प्रतिशत वोट मिले। वो अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी एफ्रेन एलेग्रे से काफी आगे हैं, जो न्यू पैराग्वे के लिए गठबंधन के उम्मीदवार थे।

एलेग्रे ने 27.5 फीसदी वोट हासिल किए। पेना अगले पांच वर्षों तक शासन करने के लिए कोलोराडो पार्टी के राष्ट्रपति मारियो अब्दो बेनिटेज की जगह लेंगे।चुनावों में, विधायिका के 45 सीनेटर और 80 प्रतिनिधि भी चुने गए।अदालत के अनुसार, मतदाता भागीदारी 63.13 प्रतिशत थी।

दक्षिण अमेरिकी देश के 7.5 मिलियन लोगों में से लगभग 4.8 मिलियन लोग चुनाव में मतदान करने के योग्य थे।

पेना ने कहा, कोलोराडो की इस जीत के लिए धन्यवाद, पराग्वे की इस जीत के लिए धन्यवाद।उन्होंने कहा, आज हम व्यक्तिगत जीत का जश्न नहीं मना रहे हैं, हम उन लोगों की जीत का जश्न मना रहे हैं, जिन्होंने अपने वोट से सामाजिक शांति, संवाद, बंधुत्व और राष्ट्रीय सुलह का रास्ता चुना।हार स्वीकार करते हुए एलेग्रे ने कहा कि प्रयास पर्याप्त नहीं था।

आंध्र घोटाले में यूपी के आईएएस अधिकारी को जमानत

लखनऊ (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने 2001 बैच के यूपी के आईएएस अधिकारी को 371 करोड़ रुपये के घोटाले में अग्रिम जमानत दे दी है। अधिकारी, अपर्णा उपाध्यायुला को आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) के डिप्टी सीईओ के रूप में तैनात किया गया था। उनके साथ उनके पति जी.वी.एस. भास्कर प्रसाद एपीएसएसडीसी में परियोजना प्रमुख थे। भास्कर प्रसाद ने एपीएसएसडीसी फंड के डायवर्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, इसके परिणामस्वरूप 371 करोड़ रुपये सार्वजनिक धन की हेराफेरी हुई।वर्तमान में यूपी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, और मिशन निदेशक, एनआरएचएम, और कार्यकारी निदेशक, एसआईएफएसए के रूप में तैनात अपर्णा उपाध्यायुला 2015 में आंध्र प्रदेश में अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति पर गई थीं।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी को सीने में जकडऩ की शिकायत के चलते उन्हे दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। उन्हें देर रात अस्पताल लाया गया। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें सीने में जकडऩ की शिकायत बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि सीने में जकडऩ की शिकायत के बाद उन्हें रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया। केंद्रीय मंत्री को कार्डियो न्यूरो सेंटर के कार्डियक केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है।

मंत्री जी किशन रेड्डी की तबीयत अब कैसी है इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। सूत्रों की मानें तो जल्द इस बारे में अपडेज जारी किया जा सकता है। इससे पहले दिन में केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बातइ में देश

की विरासत, इतिहास और संस्कृति पर प्रकाश डाला गया है। रेड्डी राष्ट्रीय राजधानी में 'नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्टइ (एनजीएमए) में रेडियो कार्यक्रम की 100वीं कड़ी के उपलक्ष्य में 'जन शक्तिः एक सामूहिक शक्तिइ प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

अभी एक दिन पहले यानी शनिवार को जी. किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर 'गंगा पुष्करला यात्रा पुरी-काशी-अयोध्याइ भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस मौके पर रेड्डी ने कहा था कि भारतीय रेलवे भारत गौरव ट्रेनों की शुरुआत के साथ देश और विदेश के तीर्थयात्रियों के लिए शानदार ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण का एक शानदार मौका प्रदान कर रही है।

शनिवार को केंद्रीय पर्यटन मंत्री बिल्कुल स्वस्थ्य नजर आ रहे थे।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत गौरव पर्यटन ट्रेन पर्यटकों को 10 जून से 18 जून तक हरिद्वार-ऋषिकेश के बाद, माता वैष्णोदेवी तक की यात्रा कराएगी। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधा मुहैया कराई गई है। इस सुविधा के जरिए पर्यटकों को देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074,
9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

एक साल नई मिसाल

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संकल्प नये उत्तराखण्ड का

विकसित नये उत्तराखण्ड की तस्वीर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना:

200 लाख मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के सापेक्ष 179 लाख (89.50 प्रतिशत) मानव दिवस सृजित, जो माह फरवरी तक के लक्ष्य 188.98 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 94.49 प्रतिशत है।

- 56.16 प्रतिशत मानव दिवस महिलाओं द्वारा सृजित किये गये।
- 4.62 लाख परिवारों के 6.21 लाख व्यक्तियों का रोजगार उपलब्ध कराया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन:

17975 समूहों, 1463 ग्राम संगठन एवं 88 क्लस्टर संगठनों का गठन कर 6221 समूहों का रिवाल्विंग फण्ड एवं 5836 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि 60343 महिला किसानों को चिन्हित कर फार्म लाइवलीहुड तथा महिला सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान कर क्षमता विकास किया गया।

दीनदयाल उपध्याय ग्रामीण कौशल योजना:

योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवासित गरीब परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर न्यूनतम मजदूरी या इससे अधिक की नियमित मासिक आय वाले रोजगार उपलब्ध कराना है। दीनदयाल उपध्याय ग्रामीण कौशल योजना के वित्तीय वर्ष 2022-23 में (माह फरवरी 2023 तक) कुल 7940 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है जबकि 5783 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ा गया तथा 3677 द्वारा तीन माह अथवा उससे अधिक अवधि का रोजगार पूर्ण किया जा चुका है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुरल मिशन:

योजना का क्रियान्वयन राज्य में वित्तीय वर्ष 2016-17 से किया जा रहा है। मिशन के अन्तर्गत राज्य को तीन चरणों में कुल 6 क्लस्टर चयनित किय गये हैं। योजना के अन्तर्गत विभिन्न घटकों जैसे रोड कनेक्टिविटी, पेयजल सुविधा, कृषि विकास, आजीविका संवर्धन, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा में कार्य किया जा रहा है। कुल चिन्हित 6 क्लस्टरों के लिए अब तक कुल प्राप्त धानराशि रु. 93.03 करोड़ के सापेक्ष माह फरवरी 2023 तक रु. 90.53 करोड़ की धनराशि का व्यव किया जा चुका है। कुल 966 कार्यों में से 865 कार्य पूर्ण कर लिये गये है।

प्रधानमंत्री आवास योजना:

ग्रामीण योजनान्तर्गत पात्र सभी बेघर, कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को वर्ष 2024 तक बुनियादी सुविधयुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

- ग्राम विकास महायोजना के लिए रु 925.60 करोड़ का बजट प्रावधान
- मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना में रु 25 करोड़ का बजट प्रावधान
- सीमांत क्षेत्र विकास योजना में रु 20 करोड़ का बजट प्रावधान
- 598.10 किमी. लम्बाई की सड़को कें निर्माण कार्य पूर्ण कर वर्तमान तक 250 से अधिक जनसंख्या की 24 बसावटों को सड़क सम्पर्क से संयोजित कर रु 956.94 करोड़ की धनराशि व्यय की गई है।